।। श्री हरिः ।।

नमामि देवी नर्मदे

# अमृत दर्शन

RNI No. MPHIN /2004 /13927

वर्ष - 22 अंक - 134

नर्मदापुरम

रविवार, 01 मार्च 2026

● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपया

Website : www.amritdarshan.com

नर्मदापुरम का प्रथम हिन्दी दैनिक


**खास बात**

*मौत अगर आसान नहीं, जीना भी आसान नहीं। मौत को मुश्किल जानने वालों, जीना मौत से मुश्किल है।*

*- जगन्नाथ 'आजाद'*

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम के नेतृत्व में प्रिवेंटिव हेल्थ केयर को सशक्त करने निरंतर हो रहे हैं कार्य : मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में प्रिवेंटिव हेल्थ केयर को सशक्त करने की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। इसी कड़ी में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है। मध्यप्रदेश सरकार प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य के क्षेत्र में दृढ़ता के साथ कार्य कर रही है। भारत बेटियों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाने की दिशा में ठोस कदम उठा रहा है, एचपीवी टीकाकरण अभियान उसी संकल्प का हिस्सा है। मध्यप्रदेश में बेटियों और महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए राज्यव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया है। जिसके अंतर्गत म.प्र. सरकार ने लगभग 8 लाख किशोरियों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसके लिए केंद्र से 7 लाख 58 हजार 500 से अधिक वैक्सीन डोज प्राप्त हो चुके हैं। यह टीका 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी और 15 वर्ष से कम आयु की पात्र बालिकाओं को लगाया जाएगा। उन्हें वैक्सीन की केवल एक डोज दी जाएगी। बाज़ार में लगभग 4 हजार रुपये कीमत वाला यह टीका चिन्हित शासकीय संस्थानों में नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा, अभियान अगले तीन माह तक चलेगा।

### ब्लैकमेलिंग के 3 लाख लेते पूर्व रेलकर्मी गिरफ्तार

**भोपाल।** भोपाल में निशातपुरा पुलिस ने शनिवार को रेलवे के बर्खास्त कर्मचारी राजेश तिवारी को निशातपुरा पुलिस ने पैसे लेते गिरफ्तार किया है। राजेश तिवारी पर ब्लैकमेल करने और गैर-कानूनी तरीके से 3 लाख रुपए मांगने का आरोप है। असलम चमड़ा के करीबी से डील और पैसे लेने का वीडियो भी सामने आया है। जानकारी के मुताबिक, राजेश तिवारी के पास से लगभग 2 ग्राम MD और गैर-कानूनी हथियार जब्त किए गए हैं। इसके अलावा राजेश के मोबाइल फोन को पुलिस ने जब्त किया है। कई संदिग्ध दस्तावेज और वीडियो मिले हैं। पुलिस ने मोबाइल को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा है।

## अंतर्मना उवाच

***पैसा सिर्फ बोलता नहीं बल्कि अच्छे अच्छों की.. बोलती भी बंद कर देता है..!***

*आज के संसार में तीन समस्याएँ हैं...!! **पहली** - पैसा होना या ना होना। **दूसरी** - पुरूष के जीवन में स्त्री का होना या ना होना। **तीसरी** - स्त्री के जीवन में पुरुष का होना या ना होना। शेष जीवन की समस्याऐं इन्हीं तीनों का विस्तार है।*



*पैसा जीवन की समस्या भी बन सकता है और समाधान भी। दूसरी और तीसरी समस्या में सारा खेल स्त्री और पुरुष का है। **स्त्री पुरुष दोनों एक दूसरे के बिना आधे अधूरे हैं।** स्त्री के संपूर्ण जीवन की सारी खुशी एक पुरुष पर आधारित है, बशर्ते है स्त्री-पुरुष दोनों के विचार और मन मिलते हों, अन्यथ: जो पुरुष 33 कोटि देवी देवताओं को खुश कर देता हो, वह पुरुष अपनी पत्नी को कभी खुश नहीं कर पाता।*

***किसी ने प्रश्न पूछा** - हे गुरुदेव, घड़ी और बीवी में क्या अंतर है-? **हमने सहज भाव से कहा कि** - घड़ी बिगड़ जाये तो बंद हो जाती है और बीवी बिगड़ जाये तो चालू हो जाती है। पत्नी से परेशान एक पति - रेल्वे स्टेशन गया, ट्रेन पर चढ़ने लगा, तभी अचानक एक आवाज आई - यह ट्रेन पटरी से उतर जायेगी। वह पति एयरपोर्ट गया, प्लेन में चढ़ने लगा फिर आवाज आई - यह प्लेन भी क्रेश हो जायेगा। वह पति बस स्टैंड गया, बस पर चढ़ने लगा फिर आवाज आई - यह बस भी पलट जायेगी। **उस व्यक्ति ने पूछा आप कौन है..?** आवाज आई - **मैं भगवान हूं।** वह व्यक्ति बोला - प्रभु जब मैं घोड़ी पर चढ़ रहा था तब क्या आपका गला बैठ गया था..? बाबू - **समय पर ही सीख मिलती है, बिना समय के तो भीख भी नहीं मिलती...!!!***

■ अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

## उड़ता तीर




### अमेरिका-इजराइल का ईरान पर हमला, ईरान ने भी इजराइल-दुबई पर दागीं 400 मिसाइलें

# हमले में ईरानी रक्षामंत्री और IRGC कमांडर की मौत

- ■ इजराइल ने अमेरिका के साथ मिलकर ईरान के 10 शहरों पर की एयरस्ट्राइक
- ■ दक्षिणी ईरान के एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 40 छात्राओं की मौत

**तेल अवीव/तेहरान ■ एजेंसी**

इजराइल ने शनिवार सुबह ईरान की राजधानी तेहरान समेत कई शहरों पर बड़ा हमला किया। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि इजराइली हमले मे ईरानी रक्षामंत्री अमीर नासिरजादेह और रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स (IRGC) के कमांडर मोहम्मद पाकपोर की मौत हो गई।

इससे पहले ईरानी न्यूज एजेंसियों ने बताया था कि दक्षिणी ईरान के एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 40 छात्राओं की मौत हो गई, जबकि 45 घायल हैं। इजराइल ने अमेरिका के साथ मिलकर ईरान के 10 शहरों पर एयरस्ट्राइक की है। हमले के बाद ट्रम्प ने वीडियो जारी कर कहा कि ईरान पर यह हमला अमेरिकी नागरिकों की रक्षा के लिए किया गया है।

जवाब में ईरान ने इजराइल पर करीब 400 मिसाइलें दागीं और कतर, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब व UAE में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया। इतना ही नहीं, ईरान ने UAE के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई पर भी हमला किया।

इजराइल ने ईरान के खिलाफ अपने नए अभियान का नाम 'लियोनस् रोर' (शेर की दहाड़) रखा है। ये हमला ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु हथियारों को लेकर चल रही बातचीत के बीच हुआ है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने हाल ही में ईरान पर हमले की धमकी दी थी। ट्रम्प के मुताबिक, अमेरिकी सेना ईरान की मिसाइलों को तबाह करने और उसके मिसाइल प्रोग्राम को खत्म करने की कोशिश कर रही है।



### ईरान के रक्षा मंत्री और IRGC कमांडर की मौत




रॉयटर्स ने दावा किया है कि इजराइली हमलों में ईरान के रक्षा मंत्री अमीर नासिरजादेह और रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर मोहम्मद पाकपोर मारे गए हैं।

### दक्षिणी ईरान में 70 की मौत, 90 घायल

दक्षिणी ईरान के होरमोजगान प्रांत में हुए हमलों में कम से कम 70 लोगों की मौत हो गई है और 90 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। यह जानकारी वहां के स्वास्थ्य अधिकारियों ने ईरानी न्यूज एजेंसी को दी है। बताया गया है कि मिनाब और जास्क शहरों में हमले हुए। इससे पहले खबर आई थी कि मिनाब में एक लड़कियों के स्कूल पर हमला हुआ, जिसमें 50 से ज्यादा लोगों की जान गई।

### भारत ने अपने नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली।** इजरायल-ईरान तनाव के बीच भारत ने इजरायल में रह रहे अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास ने सभी भारतीयों से सावधानी बरतने और हर समय सतर्क रहने की अपील की है। तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास ने शनिवार को जारी परामर्श में कहा कि क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति को देखते हुए भारतीय नागरिक इजरायली अधिकारियों और होम फ्रंट कमांड द्वारा जारी सुरक्षा दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करें। एडवाइजरी में भारतीयों से अपने निवास या कार्यस्थल के निकटतम सुरक्षित आश्रय स्थलों की जानकारी रखने और उनके पास रहने को कहा गया है। अगली सूचना तक गैर-आवश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी गई है। साथ ही स्थानीय समाचार, आधिकारिक घोषणाओं और आपातकालीन अलर्ट पर नजर रखने को कहा गया है। दूतावास ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में भारतीय नागरिक 24 घंटे हेल्पलाइन या ईमेल के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं। दूतावास संबंधित इजरायली अधिकारियों के साथ निकट संपर्क में है और जरूरी अपडेट जारी करेगा।

### मैं सिर्फ अपनों की आजादी चाहता हूं: ट्रम्प

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वॉशिंगटन पोस्ट से बातचीत में कहा है कि वे अपने देश को सुरक्षित बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ लोगों के लिए आजादी चाहता हूं और देश को सुरक्षित देखना चाहता हूं।

### भारत की 50% तेल सप्लाई पर संकट

ईरान-इजराइल जंग का असर भारत के तेल, व्यापार, शेयर बाजार पर दिख सकता है। अगर दोनों देशों के बीच युद्ध और बढ़ता है तो होर्मुज स्ट्रेट बंद हो सकता है। इससे भारत को हर महीने होने वाली तेल सप्लाई का आधा हिस्सा खतरे में पड़ जाएगा। इसके अलावा भारत का नॉन-ऑयल एक्सपोर्ट भी प्रभावित हो सकता है। इसका 10% से ज्यादा हिस्सा इस क्षेत्र से सप्लाई होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि जंग बढ़ने से कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं। तेल महंगा होने से महंगाई बढ़ती है और इसका असर शेयर बाजार पर भी पड़ेगा। ऐसे हालात में बाजार में बड़ी बिकवाली और गिरावट देखने को मिल सकती है। दूसरी तरफ, जब दुनिया में तनाव बढ़ता है तो निवेशक सुरक्षित विकल्प की ओर जाते हैं। ऐसे समय में लोग सोना और चांदी खरीदना पसंद करते हैं। इसलिए इनकी कीमतों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। भारत के लिए इतना अहम क्यों होर्मुज स्ट्रेट ईरान और ओमान के बीच स्थित होर्मुज स्ट्रेट दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्ग है।





### इंडिगो, एयर इंडिया सहित कई एयरलाइंस की उड़ानें स्थगित

इजरायल और ईरान के बीच जंग की शुरूआत हो चुकी है। ईरान पर हमले के मद्देनजर इंडिगो, एयर इंडिया और कई अन्य विमानन कंपनियों ने शनिवार को पश्चिम एशिया के लिए अपनी उड़ानें अस्थायी रूप से निलंबित कर दीं। इंडिगो एयरलाइंस ने शनिवार को यात्रियों के लिए परामर्श जारी किया। इसमें कहा गया कि वह पश्चिम एशिया क्षेत्र में बदले बदलते भू-राजनीतिक माहौल के बीच ईरान और उसे हवाई क्षेत्र से जुड़े अपडेट पर नजर बनाए हुए है। इसके अलावा एयर इंडिया ने भी यात्रा एडवाइजरी जारी की है। इंडिगो ने एक्स पोस्ट में कहा, ''ईरान और पश्चिम एशिया के आसपास के हवाई क्षेत्र प्रतिबंधित किए जाने के मद्देनजर इलाके में आने-जाने वाली अपनी सभी उड़ानें भारतीय समयानुसार रात 12 बजे तक रद्द कर दी हैं।''




### जंग से सोना-चांदी कीमतों में आया उछाल

ईरान और इजराइल के बीच शुरू हुई जंग का असर भारत में सोना-चांदी की कीमतों पर भी दिख सकता है। अनिश्चितता दौर में निवेशक इक्विटी मार्केट से पैसा निकालकर सोने और चांदी जैसे सुरक्षित निवेश की ओर रुख करते हैं। कमोडिटी एक्सपर्ट्स का मानना है कि ईरान-इजरायल युद्ध के चलते सोने-चांदी की कीमतें नई ऊंचाई को छू सकती हैं। अगर अमेरिका इस युद्ध में सीधे तौर पर शामिल होता है, तो डॉलर के मुकाबले सोने की मांग और बढ़ेगी। चांदी की इंडस्ट्रियल और इन्वेस्टमेंट डिमांड दोनों में तेजी आने की उम्मीद है, जिससे यह आने वाले समय में निवेशकों के लिए बेहतर रिटर्न का जरिया बन सकता है। शनिवार को सोना 1.75 लाख रुपए और चांदी 3.00 लाख रुपए बिकी। एक दिन पहले शुक्रवार (27 फरवरी) को कारोबार के सोना-चांदी के दाम में तेजी रही थी। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,075 रुपए बढ़कर 1.59 लाख रुपए पहुंच गया। इससे पहले गुरुवार को इसकी कीमत 1.58 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, एक किलो चांदी 6,033 रुपए बढ़कर 2.66 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले गुरुवार को इसकी कीमत 2.61 लाख रुपए प्रति किलो थी।



### आंध्र प्रदेश में पटाखा फैक्टरी में ब्लास्ट

# 18 लोगों की मौत, 8 गंभीर



**पीएम राष्ट्रीय राहत कोष से मृतक के परिजनों को 2-2 लाख देने की घोषणा**

**काकीनाडा ■ एजेंसी**

आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले के समरलाकोटा मंडल के वेटलापालेम गांव में शनिवार की दोपहर एक पटाखा फैक्टरी में भीषण धमाका होने के बाद आग लग गई। इस हादसे में 18 लोगों की मौत हुई, जिसमें अब तक 11 लोगों की पहचान हो गई। घटना के बाद जिले के वरिष्ठ अधिकारी मौके पहुंच गए औरबचाव व राहत कार्य शुरू किय गया। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। गंभीर रूप से झुलसे आठ लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया है। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने घटना पर दुख जताया और अधिकारियों को पीड़ितों की हरसंभव मददपहुंचाने के निर्देश दिए हैं।

जिले के समरलाकोटा मंडल के वेतलापलेम इलाके में गोदावरी नहर के पास सूर्यश्री पटाखा फैक्टरी में काम हो रहा था। उसी समय फैक्टरी में अचानक धमाका हो गया और उसके बाद भीषण आग लग गई और पूरे इलाके में घना धुआं फैल गया

### राष्ट्रपति और पीएम मोदी ने जताया दुख

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और पीएम मोदी ने फैक्टरी में हुए भीषण विस्फोट में अनेक लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। साथ ही प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजन को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की गई है। राष्ट्रपति ने एक्स पोस्ट पर अपने संदेश में कहा कि काकीनाडा जिले में एक फैक्टरी में हुए विस्फोट के कारण अनेक लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त करते हुए दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट कर घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि काकीनाडा जिले की एक फैक्टरी में हुए विस्फोट में लोगों की जान जाने से वे दुखी हैं और जिन्होंने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदना प्रकट करते हैं। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना है।

### एनजीटी के आदेशों का पालन

# भोपाल में तालाब और डैम किनारे बड़ी कार्रवाई, अवैध निर्माण तोड़े

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल शहर में जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने बड़े स्तर पर कार्रवाई की। शनिवार को बड़ा तालाब और कलियासोत डैम के किनारे अवैध निर्माण तोड़े गए। इसमें मैरिज गार्डन की बाउंड्रीवॉल, पक्के निर्माण और डेयरियों को जेसीबी की मदद से ध्वस्त किया गया।

बड़ा तालाब के फुल टैंक लेवल (एफटीएल) के दायरे में पिछले 10 साल में पहली बार ऐसी बड़ी कार्रवाई हुई। बैरागढ़ एसडीएम रविशंकर राय और तहसीलदार हर्षविक्रम सिंह ने अमले के साथ 150 मीटर लंबी मैरिज गार्डन की बाउंड्रीवॉल, दो पक्के निर्माण और बेसमेंट तोड़ा। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने 28 मार्च तक तालाब किनारे सभी अतिक्रमण लिस्टेड कर उन्हें हटाने का निर्देश दिया था।



*(विस्तृत समाचार राजधानी पेज पर)*

### सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्ट और पैकेजिंग फैसिलिटी का पीएम ने किया उद्घाटन

# माइक्रोचिप बनेगी इस सदी का रेगुलेटर, विश्व पटल पर निर्णायक भूमिका निभाएगा भारत: मोदी

**साणंद ■ एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के साणंद में माइक्रोन टेक्नोलॉजी की सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्ट और पैकेजिंग (एटीएमपी) फैसिलिटी का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि दुनिया तक यह संदेश स्पष्ट रूप से पहुंच चुका है कि 'इंडिया इज केपेबल, इंडिया इज कॉम्पिटिटिव, इंडिया इज कमिटेड।' उन्होंने कहा कि यदि पिछली शताब्दी का रेगुलेटर तेल था, तो इस शताब्दी का रेगुलेटर माइक्रोचिप होने वाली है।



प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में साणंद के परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी आंखों से इस क्षेत्र को एक कार फैक्टरी से देश के प्रमुख ऑटोमोबाइल हब में बदलते देखा है। एक बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनी के आने से यहां संपूर्ण औद्योगिक इकोसिस्टम विकसित हुआ, सहायक इकाइयां स्थापित हुई, सप्लायर नेटवर्क बना, स्थानीय उद्योग मजबूत हुआ और रोजगार एवं निवेश दोनों में वृद्धि हुई। आज देश-विदेश से लोग यहां काम करने आ रहे हैं और एक छोटा शहर वैश्विक मानचित्र पर अपनी जगह बना चुका है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जिस प्रकार ऑटोमोबाइल सेक्टर में साणंद ने सफलता की नई कहानी लिखी, उसी प्रकार सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भी यह नया अध्याय रचेगा। इस संयंत्र में अभी सैकड़ों लोगों को रोजगार मिला है और भविष्य में इसके विस्तार के साथ रोजगार के और अवसर सृजित होंगे।

### सीबीआई ने आयुध निर्माणी सेवा अधिकारी के ठिकानों की ली तलाशी, 55 लाख के गहने और नकदी जब्त

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भारतीय आयुध निर्माणी सेवा (आर्डिनेंस फैक्ट्री सर्विस) के अधिकारी अमित सिंह के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज कर शुक्रवार को पांच परिसरों पर तलाशी ली। तलाशी में 49 लाख रुपये के आभूषण, 5 लाख रुपये नकद तथा संपत्ति संबंधी दस्तावेज जब्त किए गए। सीबीआई के अनुसार, अमित सिंह बैच 1998 के अधिकारी हैं। वह वर्ष 2022 से 2025 के दौरान हजरतपुर, फिरोजाबाद स्थित आयुध उपकरण निर्माणी हजरतपुर में मुख्य महाप्रबंधक के पद पर तैनात थे। वर्तमान में उनकी तैनाती कानपुर स्थित ट्रूप कम्फर्ट्स लिमिटेड प्रशिक्षण अकादमी में है। एजेंसी ने बताया कि उनके खिलाफ 26 फरवरी को मामला दर्ज किया गया।

### इटारसी में होली पर दीपावली जैसा माहौल

# 463 परिवारों को मिला 'पक्के घर' का तोहफा, 11.5 करोड़ की ग्रांट मंजूर

**हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र सौंपे**

**इटारसी ■ प्रतिनिधि**



शहर के 463 गरीब परिवारों के लिए आज का दिन उनके जीवन का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। पंडित भवानी प्रसाद मिश्र ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत इन पात्र परिवारों को 2.50 लाख रु. की अनुदान राशि के स्वीकृति पत्र बांटे गए। विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा और नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने जब मंच से हितग्राहियों को प्रमाण पत्र सौंपे, तो कई बुजुर्गों की आंखें खुशी से छलक उठीं।

मुख्य अतिथि डॉ. सीतासरन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का संकल्प 'हर गरीब का अपना घर' अब धरातल पर उतर रहा है। उन्होंने कहा, 'यह केवल कागज का टुकड़ा नहीं, बल्कि सम्मान के साथ जीने का अधिकार है। इटारसी के विकास में यह मील का पत्थर साबित होगा।' नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि परिषद का लक्ष्य पूरी पारदर्शिता के साथ अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचाना है। उन्होंने बताया कि 2.50 लाख रु. की यह राशि किस्तों में सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में जमा होगी, जिससे बिचौलियों की गुंजाइश खत्म हो गई है।

### केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह से नई दिल्ली में की सौजन्य भेंट, 2 मार्च को बड़वानी में होगी पहली कृषि केबिनेट

# किसानों को कृषि केबिनेट में देंगे होली की सौगात : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के सभी किसानों की बेहतरी के लिए हम कई प्रकार के नवाचार कर रहे हैं। हमारी सरकार वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है। राज्य सरकार के 17 अलग-अलग विभागों पशुपालन, उद्यानिकी, सहकारिता, कृषि, उद्योग को साथ लेकर किसानों की समृद्धि के लिए बगीचे से लेकर बाजार तक विस्तृत योजना तैयार की गई है। राज्य में पहली बार कृषि केबिनेट जनजातीय अंचल बड़वानी में 2 मार्च को आयोजित की जा रही है। इसमें हम किसानों को होली की सौगात देने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की समृद्धि के लिए समर्पित इस वर्ष में हम किसानों को आत्मनिर्भर बनाने वाले सभी कार्यों और नवाचारों को प्रोत्साहन देंगे। सीएम ने शनिवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री से सौजन्य भेंट के बाद यह बात कही।*



*सीएम ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भेंटकर उन्हें अवगत कराया कि राज्य सरकार द्वारा विश्व के श्रेष्ठ शासकों में सर्वोच्च स्थान रखने वाले सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित कई आयोजन किए गए हैं।*


*सीएम ने कहा कि भोपाल में 40 साल पहले भीषण गैस त्रासदी हुई थी। जिसमें 25 हजार से अधिक लोगों ने अपनी जान गंवाई। राज्य सरकार ने बीते साल यूनियन कार्बाइड कारखाने में जमा कचरे का सफलतापूर्वक निष्पादन कराया है। यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री की खाली पड़ी जमीन पर एक भव्य स्मारक बनाये जाने के लिये केन्द्रीय मंत्री अमित शाह से मार्गदर्शन प्राप्त किया है।*

**मप्र तिलहन उत्पादन में अव्वल**

*सीएम ने कहा कि राज्य सरकार हर मुश्किल वक्त में किसानों के साथ खड़ी है। प्राकृतिक आपदा से किसानों को हुई फसल क्षति के मुआवजे के लिए सर्वे के बाद सरकार मदद कर रही है। मप्र देश का फूड बॉस्केट है। प्रदेश में रबी, खरीफ, ग्रीष्मकालीन फसलों की अच्छी उत्पादकता है। मप्र दलहन उत्पादन में अग्रणी राज्य है। गेहूं उत्पादन में भी हम देश में दूसरे स्थान पर हैं। प्रदेश में उड़द, मसूर, तुअर पर्याप्त मात्रा में पैदा होती है। मप्र तिलहन में भी प्रथम स्थान रखता है।*

### बोत्सवाना से भारत पहुंचे 9 चीते, संख्या 48 हुई

**श्योपुर।** जिले में स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान में तीसरे चरण में 9 चीतों को बोत्सवाना से भारत लाकर कूनों में छोड़ा गया है। ऐसे में अब देश में चीतों की संख्या 48 हो गई है, जिसमें भारतीय मूल के 28 चीता शामिल हैं। भारत में चीतों की पुर्नबसाहट के लिए 3 वर्ष पूर्व शुरू हुए चीता प्रोजेक्ट के तहत बोत्सवाना से लाये गये 9 चीते को शनिवार को आयुसेना के 3 विशेष हेलीकॉप्टरों से सुबह 9.30 कूनो राष्ट्रीय उद्यान पहुंचे। उन्होंने बोत्सवाना से ग्वालियर तक विशेष विमान से लगाया गया, इसके बाद वायुसेना के 3 हैलीकॉप्टर से ग्वालियर एयरपोर्ट से इन चीतों को कूनो में एयरलिफ्ट किया गया।



### 3 मार्च को ग्रहण से धुरेली एवं चल समारोह प्रभावित होगा

# होली की अग्नि और राख: एक पवित्र परंपरा

भोपाल ■ निसं

होली का त्योहार रंगों और खुशियों का त्योहार है, लेकिन इसके पीछे एक गहरा अर्थ और महत्व भी है। होली की अग्नि और राख इस त्योहार के दो महत्वपूर्ण पहलू हैं, जो हमें जीवन के महत्वपूर्ण संदेश देते है । ज्योतिषाचार्य पंडित विनोद गौतम के अनुसार होलिका दहन से उत्पन्न होने वाली अग्नि, जिसे होलिका पंचाग्नी भी कहा जाता है, भगवान विष्णु के भक्त प्रहलाद की विजय और दुष्ट राजा हिरण्यकश्यप के नाश का प्रतीक है।

भक्त प्रहलाद द्वारा ओम नमो भगवते वासुदेवाय नम: मंत्र का जाप सकारात्मक ऊर्जा थी जो इस अग्नि में नहीं जली ,लेकिन नकारात्मक ऊर्जा राक्षसी प्रवृत्ति की होलिका जल गई ।यह अग्नि नकारात्मक ऊर्जा और शक्तियों को दूर करने का प्रतीक है। यह हमें जीवन में अच्छाई और सत्य की जीत का संदेश देती है। पंडित गौतम के अनुसार होली की राख को भस्म कहा जाता है, जिसे शरीर पर लगाया जाता है। यह राख शुद्धिकरण और स्वास्थ्य के लिए लाभकारी मानी जाती है। यह राख त्वचा और शरीर को ठंडक प्रदान करती है और नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने में मदद करती है।

यह पवित्र अग्नि सकारात्मक ऊर्जा से भरी होती है यह रसोई की अग्नि में भी परिवर्तित होती है और हवन कुंड में भी प्रवेश कर जाती है यह चिता की अग्नि भी बन जाती है यह नई अग्नि अपने घर में लाकर पूजन करें ।इस अग्नि से भोग प्रसाद बना करके अपने कुल देवता स्थान देवता आदि को अर्पित करें, ।इस अग्नि से बनाए गए भोजन प्रसाद से पेट की अग्नि जठराग्नि शांत होती है ।यह अग्नि हम सभी में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह करने वाली है।



ज्योतिष मठ संस्थान के आचार्य पंडित विनोद गौतम ने बताया कि सूतक एवं ग्रहण काल में इस वर्ष 3 मार्च को प्रात: 9:00 बजे से धूडेली रंग आदि नहीं करें, ।ग्रहण काल में हमारे देवताओं को कष्ट रहेगा ऐसे समय में हम उत्सव मनाएं यह शुभता प्रदान नहीं करेगा ।इस कारण 4 मार्च को होलिका उत्सव, चल समारोह निकाला जाय , होली की भस्म ,,गुलाल ,रंग हमारे कुल देवताओं को ,मंदिर के देवताओं को, ग्राम देवताओं को, वस्तु देवताओं को अर्पित की जाती है ।इसलिए सूतक ,ग्रहण काल में अर्पित नहीं करना चाहिए इस कारण दूसरे दिन होली उत्सव शुरू होगा यही शास्त्र सम्मत है

पंडित गौतम के अनुसार होली की अग्नि और राख का महत्व हमें जीवन में सकारात्मकता और शुद्धता को बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है। होली की अग्नि नव ऊर्जा का संचार करती है यह पहली अग्नि कहलाती है। इसी प्रकार होली की भस्म देवताओं के बाद माता-पिता परिवार जनों को लगाई जाती है। इसी भस्म से होली धूडेली खेलने की शुरुआत होती है पश्चात तरह-तरह के रंग गुलाल से होली खेली जाती है होली की राख को शरीर पर लगाने से त्वचा संबंधी समस्याएं दूर होती हैं और मानसिक शांति बढ़ती है। इसे घर के चारों ओर लगाने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है।इस प्रकार, होली की अग्नि और राख हमें जीवन के महत्वपूर्ण संदेश देते हैं और हमें एक पवित्र और सकारात्मक जीवन जीने के लिए प्रेरित करते हैं।।

### स्कोप यूनिवर्सिटी में नवाचार का महाकुंभ

# युवाओं को 5 लाख तक के पुरस्कार जीतने का अवसर

### नवोन्मेश 2026 का 12 से 15 मार्च तक होगा आयोजन

भोपाल ■ निसं

मध्य भारत के पहले कौशल विश्वविद्यालय स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में इनोवेशन कार्निवाल 'नवोन्मेष 2026' का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य युवाओं में उद्यमिता, रचनात्मकता और प्रौद्योगिकी संचालित समाधानों को बढ़ावा देना है। यह अटल इन्क्यूबेशन सेंटर-रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी (एआईसी-आरएनटीयू) द्वारा स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी और रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के सहयोग से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 10,000 से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद है, जिसमें छात्र, स्टार्टअप, बिजनेस लीडर्स, निवेशक और नीति निर्माता और स्टार्टअप इकोसिस्टम से जुड़े सभी लोग शामिल होंगे। प्रतिभागियों के लिए *इसमें 5 लाख रुपए त*क के पुरस्कार जीतने का मौका होगा।

**उद्यमिता का अनूठा प्लेटफॉर्म बनेगा 'नवोन्मेष 2026 :** नवोन्मेष 2025 प्रतिभागियों को उद्योग विशेषज्ञों, सरकारी अधिकारियों, निवेशकों और स्टार्टअप सलाहकारों से संपर्क करने का अवसर प्रदान करेगा, जिससे उन्हें निरंतर विकसित हो रहे व्यवसाय और प्रौद्योगिकी परिदृश्य में मूल्यवान जानकारी प्राप्त हो सके। पैनल चर्चाओं, व्यावहारिक कार्यशालाओं और मेंटरशिप कार्यक्रमों के माध्यम से नवोन्मेष 2026 उपस्थित लोगों को उनके विचारों और उपक्रमों को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक व्यावहारिक ज्ञान, कौशल और संसाधनों से लैस करेगा।

**विशेष संपादकीय**

## चंद्रग्रहण का गंभीर वैश्विक प्रभाव

*3 मार्च को पड़ने वाले चंद्र ग्रहण के संदर्भ में तमाम तरह से ज्योतिषिय और खगोलीय वैज्ञानिक विचार सामने आ रहे हैं। जिनके हिसाब से यह चंद्रग्रहण लम्बे समय तक पूरे विश्व पर अपना प्रभाव छोड़ सकता है। अगर हम राजनीतिक पक्ष की बात करें तो यह चंद्रग्रहण राजनीतिक अस्थिरता और सत्ता परिवर्तन नेतृत्व में बदलाव जैसे परिवर्तनों का कारण बन सकता है ।ज्योतिषीय भविष्यवाणियों के अनुसार, चंद्रग्रहण के प्रभाव से दुनिया भर में सत्ता परिवर्तन और नेतृत्व में बदलाव की स्थिति बन सकती है। कुछ बड़े देशों में सत्ताधारी दलों को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। वहीं हम अगर विश्व के प्रमुख नेताओं पर पड़ने वाले प्रभाव की बात करें तो प्रभावशाली राजनेताओं, आध्यात्मिक गुरुओं या प्रसिद्ध हस्तियों के संबंध में अप्रिय समाचार मिलने की संभावना जताई गई है। ग्रहण के 45 दिनों के भीतर क्रूर प्रभाव दिखने की आशंका रहती है। राजनीतिक उथल-पुथल न्यायिक सक्रियता, जांच एजेंसियों की कार्रवाई और बड़े खुलासे राजनीतिक परिदृश्य को बदल सकते हैं। पर्दे के पीछे की रणनीतियां और गुप्त गठबंधन बढ़ सकते हैं।*

***वैश्विक तनाव और कूटनीति***

*सीमाओं पर तनाव जैसे गंभीर मामले अगर देखे तो चंद्रग्रहण के कारण वैश्विक स्तर पर सीमाओं पर तनाव बढ़ सकता है। भारत, अमेरिका, चीन और रूस जैसे देशों के बीच संबंधों में नई जटिलताएं आ सकती हैं। वहीं व्यापार युद्ध और आर्थिक दबाव के बाद, अमेरिका द्वारा भारत जैसे देशों पर व्यापार समझौतों के लिए दबाव बढ़ाने की संभावना बनेगी। आयात-निर्यात में बाधाएं और वैश्विक व्यापार नीतियों में बदलाव देखे जा सकते हैं। वैचारिक टकराव का अंदेशा भी जताया जा रहा है ।सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखे टकराव और जनता में असंतोष की स्थिति बन सकती है। यह चंद्रग्रहण बहुत कुछ परिवर्तन कर सकता है ऐसा विचार विद्वानों में चल रहा है।*

### बड़ा तालाब के कैचमेंट में बने अवैध पक्के निर्माण जमींदोज

# हलालपुर में बुलडोजर एक्शन, सीमांकन के दौरान कई चौंकाने वाले कब्जे सामने आए

भोपाल ■ निसं

बड़ा तालाब की हद में आने वाली निजी भूमि में किए गए पक्के निर्माणों पर प्रशासन का बुलडोजर चला। संत हिरदाराम नगर तहसील के हलालपुर गांव में किए गए पक्के निर्माणों को तोडने् की कार्रवाई शनिवार दोपहर से शुरू की गई।

बड़ा तालाब की सीमा तय करने के लिए किए जा रहे सीमांकन के दौरान कई चौंकाने वाले कब्जे सामने आ रहे हैं। नायब तहसीलदार केके पंडोले के नेतृत्व में आरआई व पटवारियों ने शुक्रवार को दोपहर दो बजे सीमांकन की कार्रवाई शुरू की, जो शाम पांच बजे यानी चार घंटे तक चली। इसमें पता चला कि बड़ा तालाब की सीमा पर ही कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद का शैक्षणिक संस्थान बना हुआ है। जबकि यहां आसपास स्थित रिक्त भूमि भी कैचमेंट में आ रही है, जिसमें कांग्रेस नेता अरुणेश्वर सिंहदेव की जमीन का कुछ हिस्सा भी शामिल है। इन सभी को चिह्नित करते हुए राजस्व अमले ने लाल निशान लगाए हैं। बता दें कि बुधवार से शुरू हुए बड़ा तालाब के सीमांकन के दौरान कैचमेंट दायरे 50 मीटर में राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल को आवंटित शासकीय बंगला, केके हाउस, गुलबाग लॉन, आईएएस मुजीबउर्रहमान के बंगले का हिस्सा सहित 25 से अधिक निर्माण चिह्नित किए गए हैं।

**आर्मी वाटर स्पोर्ट केंद्र के बाद मिले अवैध निर्माण:** राजस्व अमले ने बड़ा तालाब के कैचमेंट क्षेत्र में सेना के वाटर स्पोर्ट सेंटर के आगे जब सीमांकन किया तो कैचमेंट में पक्के मकान, बाउंड्री वाल, रेस्टोरेंट, फैक्ट्री आदि का निर्माण होना मिला। इतना ही नहीं, कुछ दूर चलने के बाद पता चला कि एक बड़े फार्म हाउस की तरह निर्माण कैचमेंट में किया जा रहा था। इसके पास ही भैंस भी बंधी हुई थीं। यहां मजदूर दीवार उठाने का काम कर रहे थे। पूछताछ में उन्होंने आदिल नाम के व्यक्ति द्वारा निर्माण कार्य किया जाना बताया। यह निर्माण करीब दो एकड़ से अधिक जमीन में किया जा रहा था, जिसे नायब तहसीलदार ने चिह्नित करवाया है। उन्होंने मौके पर बताया कि अब तक का यह सबसे बड़ा अतिक्रमण कैचमेंट क्षेत्र में मिला है, जिसे जल्द से जल्द जमींदोज करने की कार्रवाई की जाएगी।



#### चार घंटे चला सीमांकन

जानकारी के अनुसार राजस्व अमला सीमांकन करते हुए खानूगांव स्थित कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद के इंदिरा प्रियदर्शनी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स पहुंचा, जहां तालाब के फुल टैंक लेवल से सीमांकन करते हुए 50 मीटर कैचमेंट दायरा तय किया तो पता चला कि शैक्षणिक संस्थान बिल्कुल पास ही बना हुआ है। यहां पर पटवारी अरविंद गिरी ने नायब तहसीलदार केके पंडोले की मौजूदगी में लाल निशान लगाते हुए तालाब की सीमा तय की। इसी के पास स्कूल के मैदान से होते हुए अमला आगे पहुंचा तो कांग्रेस नेता अरुणेश्वर सिंहदेव की जमीन का कुछ हिस्सा कैचमेंट में आया, जिसमें खेती की जा रही है। बता दें कि चार महीने पहले खानूगांव में जब राजस्व अमले ने सीमांकन किया था, तब कांग्रेस विधायक के शैक्षणिक संस्थान के पीछे कीचड़-दलदल होने की वजह से निशान लगाया था, लेकिन तब तक कैचमेंट की सीमा तय नहीं हो सकी थी।

#### कैचमेंट में झुग्गी सहित धार्मिक स्थल

खानूगांव में बड़ा तालाब के कैचमेंट में एक-दो नहीं, बल्कि दो दर्जन से अधिक अवैध मकान मिले हैं। सीमांकन के दौरान एक परिवार तालाब के अंदर ही झुग्गी बनाकर रहता हुआ मिला। पटवारी ने मौके पर ही बच्चों से जानकारी ली। इसके आगे कुछ लोगों ने तालाब किनारे स्थित जमीन पर निजी संपत्ति का बोर्ड लगा रखा था। यहां आगे ही राजस्व अमले ने कैचमेंट में बने एक धार्मिक स्थल के कुछ हिस्से को भी चिह्नित किया है।

# भाभा विश्व विद्यालय में दो दिवसीय बेकरी कार्यशाला का सफल आयोजन



भोपाल ■ निसं

भाभा विश्व विद्यालय के होटल मैनेजमेंट विभाग द्वारा दो दिवसीय बेकरी कार्यशाला का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला की विशेषता यह थी कि इसमें निर्मित सभी खाद्य सामग्री बिना अण्डे के तैयार पूर्णत: शाकाहारी सामग्री का प्रयोग कर निर्मित किए गए, इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय के कर्मचारी एवं अधिकारियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को बेकरी कला की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना तथा स्वरोजगार की संभावनाओं से अवगत कराना था।

कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को बेकरी निर्माण की मूलभूत तकनीकों से लेकर आधुनिक प्रस्तुतीकरण तक का प्रशिक्षण दिया गया। दो दिनों में वेनिला स्पॉन्ज केक, चॉकलेट ट्रफल केक, पाइनएप्पल केक, रेड वेलवेट केक, फ्रूट केक, ब्लैक फॉरेस्ट केक, बटर कुकीज़, चॉकलेट चिप कुकीज़, डोनट्स, कपकेक, मफिन्स, ब्राउनी तथा क्रोइसां जैसे विभिन्न बेकरी आइटमों का निर्माण सिखाया गया।

कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर होटल मैनेजमेंट विभाग के अधिष्ठाता प्रो. आशीष भट्ट ने कहा कि आज के समय में बेकरी एवं कन्फेक्शनरी उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है और इस क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं के लिए रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को कौशल आधारित शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से संचालित करने की बात कही।

### सायबर ठगोरों ने छात्र, बैंक क्लर्क, शिक्षक सहित चार को बनाया अपना शिकार

# क्रिप्टो करेंसी, रकम डबल करने और मोबाइल हैक कर लाखों की रकम ठगी

भोपाल ■ निसं

राजधानी के अलग-अलग थाना इलाको में साइबर ठगो ने चार लोगो को अपना शिकार बनाकर लाखो की रकम ठग ली। फइनमें से एक मामला टीटी नगर थाना क्षेत्र का है। यहां को-ऑपरेटिव बैंक के क्लर्क के साथ साइबर ठगी की गई है। आरोपी ने खुद को बैंक अधिकारी बताकर उनसे 1 लाख 42 हजार 398 रुपए की ठगी की। वहीं हबीबगंज थाना क्षेत्र में जालसाज ने सहायक शिक्षक से 3 लाख 10 हजार रुपए ठग लिये। उधर जहांगीराबाद थाने में भी ठगों ने क्रिपटो करंसी के नाम पर छात्र से 1 लाख 45 हजार रुपए की ठगी की है। दूसरी और पिपलानी थाना क्षेत्र में पैसे डबल करने के नाम पर 5 लाख 24 हजार 900 रुपए की ठगी की गई है। पुलिस ने चारों मामलों में अज्ञात जालसाजो के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



**क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्टमेंट के नाम पर छात्र से ठगी:** जहांगीराबाद इलाके में रहने वाले एक छात्र से क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्टमेंट के नाम पर साइबर जालसाज द्वारा 1 लाख 45 हजार रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, प्रखर प्रजापति (23), कुम्हारपुरा जिंसी इलाके में रहता है। वह कॉलेज का छात्र है। 15 जनवरी को एक व्यक्ति ने अपना नाम सौरभ बताकर प्रखर से संपर्क किया। आरोपी ने भरोसा दिलाया कि वह उनके लिए क्रिप्टो कॉइन खरीदेगा और निवेश पर लाभ दिलाएगा। आरोपी की बातों में आकर फरियादी ने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए कुल एक लाख 45 हजार रुपये उसके खाते में ट्रांसफर कर दिए। रकम प्राप्त करने के बाद आरोपी ने न तो कोई क्रिप्टो कॉइन भेजा और न ही पैसे लौटाए। करीब एक सप्ताह तक वह टालमटोल करता रहा और बाद में फोन उठाना बंद कर दिया। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी ने अपनी पहचान भी झूठी बताई थी। ठगी का अहसास होने के बाद फरियादी ने साइबर यूनिट में ई- एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके बाद केस जहांगीराबाद पुलिस को ट्रांसफर कर दिया गया।

हबीबगंज इलाके की रविशंकर बोर्ड कॉलोनी निवासी सहायक शिक्षक गिरिश कुमार का बीती 22 फरवरी को अचानक मोबाइल हैक हो गया। थोड़ी देर बाद उनके खाते से रकम कटने का मैसेज आया।

### निगम अमले ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से हटाए अतिक्रमण

# ठेला, पन्नी, काउंटर गुमठी, टंकी, भट्टी आदि की जप्त

भोपाल ■ निसं

नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमणों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए अवैध ब्रेकर, नाली पर रखी फर्शियां, भवन निर्माण सामग्री, गन्ने की चरखी, फुटपाथ एवं सार्वजनिक स्थलों से सब्जी, फल-फ्रूट की दुकानें एवं दुकानों के बाहर रखा सामान, आवागमन में बाधक चार पहिया वाहन आदि को हटाया तथा ठेला, पन्नी, काउंटर गुमठी, टंकी, भट्टी आदि को जप्त किया। निगम अमले ने जिला प्रशासन की कार्यवाही में सहयोग देकर खुशीलाल आयुर्वेद चिकित्सालय, सिंहपुर कलियासोत डेम के पास से अवैध बनीं 12 डेयरी तथा बैरागढ़ क्षेत्र में रॉयल गार्डन की अवैध रूप से बनी पक्की बाउण्ड्रीवाल को जेसीबी मशीन के माध्यम से तोड़ा।




निगम आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने शनिवार को 11 मील, मिसरोद थाना, बागसेवनिया गणेश मंदिर, होशंगाबाद रोड इण्डस टाउन, रानी कमलापति रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म नं0-1, ई-1 गेट न0-3, बिट्ठल मार्केट, सुभाष फाटक ब्रिज, बरखेडा पठानी, जहांगीराबाद रम्भा टाकीज, बुधवारा, बोर्ड आफिस चौराहा, एम.पी. नगर चेतक ब्रिज, एम.पी. नगर मनोहर डेयरी, कोलार तिराहा, कोलार नहर, जवाहर चौक, सरस्वती नगर, कमला नगर, नेहरू नगर, करोंद रूसल्ली, पीपल चौक, करोंद चौराहा, नवीबाग, बजरिया स्टेशन प्लेटफार्म नं.-1, काजी केम्प आदि क्षेत्रों में अतिक्रमणों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए करोद रूसल्ली में अवैध बना ब्रेकर, जहांगीराबाद रंभा टॉकीज के पास से 05 मकानों के सामने नाली पर रखी फर्शियां, बरखेड़ा पठानी में रोड पर रखी भवन निर्माण सामग्री, नवीबाग से 04 गन्ने की चरखियों के अलावा फुटपाथ एवं सार्वजनिक स्थलों से सब्जी, फल-फ्रूट की दुकानें एवं दुकानों के बाहर रखा सामान, आवागमन में बाधक चार पहिया वाहन आदि को हटाया तथा 01 ठेला, 02 पन्नी, 01 काउंटर गुमठी, 02 टंकी तथा 01 भट्टी आदि को जप्त किया।

# रेलवन सुपरऐप ने लॉन्च होने के 8 महीने से भी कम समय में 2 करोड़ डाउनलोड का आंकड़ा पार किया

भोपाल ■ निसं

भारतीय रेलवे के सुपरऐप, रेल वन ने लॉन्च होने के 8 महीने से भी कम समय में 2 करोड़ डाउनलोड का आंकड़ा पार कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है और इस महीने प्रतिदिन 5 लाख टिकटों का आंकड़ा भी पार कर लिया है। रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (CRIS) द्वारा विकसित इस ऐप को माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने 1 जुलाई 2025 को लॉन्च किया था।

तब से, देश भर के रेल यात्रियों के बीच इसकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है। रेल वन ऐप एक एकीकृत डिजिटल गेटवे के रूप में उभर रहा है, जो एक ही सहज इंटरफ़ेस के माध्यम से यात्रियों को कई तरह की सेवाएं प्रदान करता है।

अपनी परिचालन क्षमता और विश्वसनीयता को दर्शाते हुए, रेल वन अब प्रतिदिन लगभग 6 लाख टिकट बुकिंग की सुविधा प्रदान कर रहा है, जो इसकी मजबूती और बढ़ते उपयोगकर्ता विश्वास को रेखांकित करता है।

यह ऐप आरक्षित टिकट बुकिंग, अनारक्षित टिकट बुकिंग, प्लेटफॉर्म टिकट, ट्रेन पूछताछ, पीएनआर स्थिति और अन्य यात्री-केंद्रित सुविधाओं सहित प्रमुख रेलवे सेवाओं को एकीकृत करता है।

यह उपलब्धि भारतीय रेलवे के डिजिटल परिवर्तन और यात्रियों की सुविधा बढ़ाने की दिशा में निरंतर प्रयासों को दर्शाती है।

**दैनिक अमृत दर्शन समाचार पत्र के स्वामित्व एवं अन्य विषयों से संबंधित विवरण**

**घोषणा**

**(फार्म-4)**

| | |
|---|---|
| 1. प्रकाशन स्थल | : होशंगाबाद |
| 2. प्रकाशन अवधि | : दैनिक |
| 3. मुद्रक का नाम | : डी.पी.गोयल |
| क्या भारत का नागरिक है | : हॉ |
| पता | : सुखसागर, 6 पत्रकार नगर कोलार नाका रोड, भोपाल (म.प्र.) |
| 4. प्रकाशक का नाम | : डी.पी.गोयल |
| क्या भारत का नागरिक है | : हॉ |
| पता | : सुखसागर, 6 पत्रकार नगर, कोलार नाका रोड, भोपाल (म.प्र.) |
| 5. संपादक का नाम | : डी.पी.गोयल |
| क्या भारत का नागरिक है | : हॉ |
| पता | : 1, अमृतकुंज, पत्रकार नगर, कोलार रोड, भोपाल (म.प्र.) |
| 6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हो तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार व हिस्सेदार हो। | : डी.पी.गोयल<br>: सुखसागर, 6, पत्रकार नगर, कोलार नाका रोड, भोपाल (म.प्र.) - 462003 |

मैं डी.पी.गोयल एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सदस्य है।

हस्ताक्षर
डी.पी.गोयल
दिनांक : 1 मार्च 2026 (प्रकाशक के हस्ताक्षर)

### उपनगरों व छोटे शहरों तक होगा मेट्रो का विस्तार

# विकसित मप्र 2047 कार्ययोजना के तहत की जा रही प्लानिंग

भोपाल ■ निसं

मप्र में इंदौर और भोपाल में मेट्रो ट्रेन के संचालन के बाद अब सरकार की योजना है कि इसे दोनों शहरों के आसपास के उपनगरों और छोटे शहरों से जोड़ा जाए। इसके लिए विकसित मप्र 2047 कार्ययोजना के तहत इसकी प्लानिंग की जा रही है। वहीं मेट्रो स्टेशनों को पब्लिक ट्रांसपोर्ट से जोड़ा जाएगा। दरअसल, इंदौर और भोपाल मेट्रो जिस उम्मीद के साथ शुरू की गई थीं, उसको उतनी सफलता नहीं मिली है। इसलिए सरकार की कोशिश है कि एक बेहतर प्लानिंग बनाकर दोनों शहरों के आसपास के उपनगरों व छोटे शहरों तक मेट्रो का विस्तार किया गया।

गौरतलब है कि विधानसभा में विकास एवं आवास विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान मेट्रो परियोजना को लेकर संसदीय कार्य मंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने स्वीकार किया कि अधिकारियों ने मेट्रो की प्लानिंग जनप्रतिनिधियों से चर्चा किए बिना तैयार कर ली और इसे सीधे शहर पर लागू कर दिया। अब सरकार अलाइनमेंट की समीक्षा कर सुधार की कवायद शुरू करेगी। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सदन में कहा कि, भोपाल के सांसद आलोक शर्मा और विधायक रामेश्वर शर्मा ने उनसे मेट्रो को लेकर बैठक बुलाने का आग्रह किया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही भोपाल मेट्रो की समीक्षा बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें सभी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर विस्तृत चर्चा की जाएगी। प्रदेश के दो शहर- इंदौर और भोपाल को मेट्रोपॉलिटन रीजन के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें इंदौर और भोपाल से जुडने् वाले शहरों तक मेट्रो रेल का विस्तार किया जाएगा। पहला मेट्रोपॉलिटन एरिया इंदौर, उज्जैन, देवास, धार को मिलाकर बनाया जा रहा है। दूसरा मेट्रोपॉलिटन एरिया भोपाल, सीहोर, रायसेन, विदिशा, ब्यावरा (राजगढ़) को मिलाकर बनाया जा रहा है। इधर, मास्टर प्लान भी बनकर तैयार है। इसे एक बार मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव के समक्ष रखा जाएगा। संभवत: मेट्रोपॉलिटन एरिया को लेकर मास्टर प्लान में पुनर्विचार कर री-ड्राफ्ट बनाया जा सकता है।

मेट्रो प्रोजेक्ट पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अधिकारी, विभागीय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय प्रस्तुतीकरण देंगे। इससे पहले मेट्रो के विस्तार के प्रस्तावित शहरों के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की जाएगी। इंदौर-भोपाल में मेट्रो को पब्लिक ट्रांसपोर्ट से भी जोड़ा जाएगा। मेट्रो स्टेशनों पर पब्लिक ट्रांसपोर्ट जैसे बसें चलाई जाएगी। ताकि यात्री मेट्रो से उतरकर बस से अपने गंतव्य तक पहुंच सके। मेट्रो स्टेशनों के पब्लिक ट्रांसपोर्ट को ग्रामीण परिवहन तक जोडने् की योजना है।



#### दूसरे शहरों में मेट्रो प्रोजेक्ट पर काम की तैयारी

सूत्रों का कहना है कि इंदौर और भोपाल जैसे शहरों के मास्टर प्लान लागू करने के बजाए अब सरकार प्रदेश के दूसरे शहरों में मेट्रो प्रोजेक्ट पर काम आगे बढ़ाने की तैयारी कर रही है। नई रणनीति के तहत मेट्रो का उपनगरों तक विस्तार किया जाएगा। विकसित मध्य प्रदेश 2047 की कार्ययोजना के तहत यह प्लानिंग की जा रही है। इसमें भोपाल से विदिशा, भोपाल से नर्मदापुरम और भोपाल से रायसेन के बीच मेट्रो चलाई जाएगी। इसी तरह इंदौर से देवास, इंदौर से महू और इंदौर से उज्जैन के बीच भी मेट्रो का चलाई जाएगी।

## पश्चिम मध्य रेल की बड़ी उपलब्धि

# भोपाल मंडल में पहली बार 'डायरेक्ट ड्राइव' ऑटो सिग्नलिंग तकनीक का शुभारंभ

**जबलपुर ■ निसं**

भारतीय रेल के आधुनिकीकरण की दिशा में पश्चिम मध्य रेल ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। भोपाल मंडल के कुरवाई केथोरा-मंडीबामोरा-कालहार खंड में 16.93 रूट किलोमीटर (RKM) (कुल 33.86 इक्वेटेड RKM डबल लाइन) में 'ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग' प्रणाली को सफलतापूर्वक कमीशन कर दिया गया है।

भारतीय रेलवे में पहली बार पश्चिम मध्य रेल के रेलखंड में डायरेक्ट ड्राइव मॉड्यूल आधारित तकनीक का प्रयोग कर ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग प्रदान की गई है। इस अत्याधुनिक तकनीक की मुख्य विशेषता यह है कि इसमें ब्लॉक सेक्शन में



लगे ऑटो सिग्नलों को सीधे 2a4side कैबिनेट (रास्ते के किनारे स्थित कैबिनेट) के माध्यम से 'डायरेक्ट ड्राइव' किया जाता है।

**परियोजना की मुख्य विशेषताएं:**

■ **नए ऑटो हट का निर्माण:** EPC प्रोजेक्ट के तहत कुरवाई केथोरा-मंडी बामोरा के बीच ऑटो हट RH38 और मंडी बामोरा-कालहार के बीच ऑटो हट RH37 का निर्माण किया गया है।

■ **उन्नत फाइबर कनेक्टिविटी:** 2a4side कैबिनेट और ऑटो हट को जोड़ने के लिए रिंग पाथ में 24F OFC (ऑप्टिकल फाइबर केबल) बिछाई गई है। साथ ही, रूट डायवर्सिटी सुनिश्चित करने के लिए 04X48 OFC का उपयोग किया गया है।

■ **सुरक्षा और गति:** यह हाई-स्पीड डेटा ट्रांसमिशन प्रणाली कवच (Kavach) और आधुनिक यात्री सूचना प्रणाली जैसे सुरक्षा तंत्रों को सुदृढ़ बनाने में सक्षम है।

**तकनीकी लाभ और दक्षता:** इस परियोजना को पश्चिम मध्य रेल के सिग्नलिंग विभाग और परम-सीमेंस कंसोर्टियम द्वारा संयुक्त रूप से निष्पादित किया गया है। इस तकनीक के क्रियान्वयन से रेलवे सिग्नलिंग में तांबे के तारों (Copper cables) और रिले (ऋद्मयड्ड4ह्य) की आवश्यकता में भारी कमी आएगी।

'यह नई तकनीक न केवल लागत प्रभावी है, बल्कि रेलवे संचालन में विश्वसनीयता और सुरक्षा के स्तर को भी कई गुना बढ़ाती है। इस उपलब्धि से ट्रेनों के परिचालन की क्षमता बढ़ेगी और सेक्शन में ट्रेनों के बीच का अंतराल कम होने से रेल यातायात और अधिक सुगम होगा।

# भारत में विज्ञान की उज्जवल परंपरा पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई



**इटारसी ■ निसं**

शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिभा के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की संरक्षक एवं प्राचार्य डॉ राकेश मेहता ने की।

उन्हों ने अपने स्वागत उद्बोधन में बताया कि भारत में विज्ञान की उज्जवल परंपरा रही है, जिसमें ऋषियों और मनीषियों का विशेष योगदान रहा है आयुर्वेदिक ज्ञान के जनक चरक, शल्य चिकित्सा के जनक सुश्रुत, अष्टांग हृदय के रचयिता वाग्भैटट, कणाद ऋषि के परमाणु सिद्धांत एवं पतंजलि के योग सूत्र, वराह मिहिर की वृहत् संहिता का उल्लोख है उन्होंने बताया कि भूजल सूचक पौधे के बारे में हमारे ऋषियों ने बताया कि दीमक में बामी जहां होती है, वहां भूजल अधिक होगा ।

मुख्यम वक्ताा डॉ सुगंधा सिंह ने वैज्ञानिक आविष्कार एवं नवाचार में जिज्ञासा तर्क, ज्ञान की खोज , मानव सभ्यता की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्हें बताया कि हमारी परम्परागत वैज्ञानिक दृष्टि आज के आधुनिक विज्ञान को किस प्रकार दिशा दे सकती है, विज्ञान और मानव स्वभाव पर प्रकाश डालते हुए उन्हें कुल्हाड़ी, सरोता और दो के पहाड़े की उपयोगिता बताई, जो पहले के युग से आज के समय में भी उतनी ही है। विज्ञान के चमत्कारों का विवरण उल?लेखनीय उदाहरण जैसे नैनो टेक्नोभलॉजी, सिंथेटिक बॉयोजाली, न्यूट्रास्यूउटिकल्सन, सुपर फूड आदि के बारे में विशेष जोर दिया ।

डॉ गोविंद मंसूरे ने कहा भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुसर विज्ञान को जीने से मानव के शरीर बुद्धि,मन,बल, आयु, स्वास्थ्य की वृद्धि होती है। इसका मुख्यन उदारण आयुर्वेद योग आदि है । भारतीय ज्ञान परंपरा को समझने के लिए भारतीय दृष्टि से ही अध्ययन करना होगा, नाकी विदेशी चश्मे से नहीं।

## संक्षिप्त समाचार



### अनूप कुमार व श्रीमती मधु मिहानी दम्पत्ति ने की देहदान की घोषणा

**खण्डवा** ।नाकोड़ा नगर भंडारिया रोड़ निवासी अनूपकुमार मिहानी व पत्नी श्रीमती मधु मिहानी ने मरणोपरांत देहदान का घोषणा पत्र भरा ।जानकारी देते हुए सक्षम संस्था के अध्यक्ष व लायन्स नेत्रदान देहदान एवं अंगदान जनजागृति समिति के संयोजक नारायण बाहेती व समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि राधा स्वामी सम्प्रदाय व सक्षम संस्था, लायन्स क्लब खण्डवा एवं लियो क्लब खण्डवा, नेत्रदान-देहदान एवं अंगदान जनजागृति समिति द्वारा निरंतर चलाए जा रहे जनजागरण अभियान से प्रेरित होकर मिहानी दम्पत्ति अनूपकुमार मिहानी व श्रीमती मधु मिहानी ने एक दूसरे के घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर कर पुत्र शशिकांत, रविकांत ,पुत्री लीना व बहु श्रीमती सुरभि मिहानी की सहमति युक्त देहदान घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर कर समिति को सौंपा ।यह समिति द्वारा भरा गया 167 वाँ देहदान घोषणा पत्र है ।सक्षम खण्डवा के अध्यक्ष एवं समिति संयोजक नारायण बाहेती ने जानकारी देते हुए बताया कि यह घोषणा समाज में बढ़ती मानवीय चेतना का प्रमाण है।



### भारत की जनगणना 2027: मकान नंबर अंकन का कार्य बुधनी में तेज़ी से जारी

**बुदनी ।** संयुक्त कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी, सीहोर जिला के निर्देशानुसार भारत की जनगणना 2027 की तैयारी के तहत नगर परिषद बुधनी क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक मकान नंबर अंकन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है ।यह कार्य शासन द्वारा तय समय-सीमा में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है ।नगर परिषद के कर्मचारियों की टीमें घर-घर पहुँचकर प्रत्येक आवासीय एवं व्यावसायिक भवन का भौतिक सत्यापन कर रही हैं तथा मकान नंबर अंकित किए जा रहे हैं ।साथ ही, संबंधित रजिस्टर में सभी विवरण क्रमवार दर्ज किए जा रहे हैं, ताकि आगामी जनगणना कार्य सुचारु, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित रूप से संपन्न हो सके । अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा की जा रही है ।फील्ड कार्य के दौरान चार्ज अधिकारी नगरीय बुधनी संतोष रघुवंशी, वार्ड प्रभारी राजपाल सिंह सेंगर, राहुल खत्री, गौरव यादव, जनगणना लिपिक नीरज परसोन तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पिंकी गोहे सक्रिय रूप से मौजूद रहकर कार्य का पर्यवेक्षण कर रहे हैं ।नगर परिषद बुधनी ने नगरवासियों से अपील की है कि वे घर-घर पहुँचने वाली टीमों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएँ और सहयोग प्रदान करें, ताकि यह महत्वपूर्ण कार्य समय पर एवं सफलतापूर्वक पूर्ण हो सके ।

#### महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव के नेतृत्व में

### पावन अयोध्या तीर्थ यात्रा हेतु श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



**खंडवा ।** पावन अयोध्या तीर्थ यात्रा के अंतर्गत आज खंडवा रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन द्वारा श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या के लिए रवाना हुआ ।इस अवसर पर महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव ने तीर्थ यात्रियों का पुष्पमालाओं से आत्मीय स्वागत एवं सम्मान करते हुए उन्हें मंगलमय एवं सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

## टेंट गोदाम में भीषण आग, 10 फीट ऊंची उठीं लपटें

# 7 दमकलों ने 4 घंटे में काबू पाया, लोडिंग वाहन-बाइक भी जली; 50 लाख का माल खाक

**ग्वालियर ■ निसं**

ग्वालियर के नाका चंद्रवदनी इलाके में शुक्रवार-शनिवार दरमियानी रात एक टेंट गोदाम में आग लग गई। कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और करीब 10 फीट ऊंची लपटें उठने लगीं, जो सड़क से दिखाई दे रही थीं। गोदाम के आसपास रहवासी इलाका था, इसलिए हड़कंप मच गया।

7 दमकलों ने करीब 4 घंटे की मशक्कत के बाद सुबह 7 बजे आग पर काबू पाया। तब तक करीब 50 लाख का माल खाक हो गया था। आग लगाने का कारण शॉट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि जांच के बाद ही सही कारण पता चलेगा।

घटना हीरा भूमिया मंदिर के पास स्थित टेंट व्यवसायी अवधेश सिंह यादव के गोदाम की है। अवधेश सिंह यादव शादी समारोहों में टेंट व डेकोरेशन का काम करते हैं। पास ही स्थित गोदाम से उनका पूरा कारोबार संचालित होता है।

**एक ही जगह रखा था सारा सामान:** बताया जा रहा है कि होलिका अष्टक के चलते सहालग (विवाह मुहूर्त) बंद हैं, जिससे विभिन्न स्थलों से लाकर टेंट व सजावट का सामान गोदाम में रख दिया गया था। इसी दौरान रात करीब 2 से 3 बजे के बीच अचानक गोदाम में आग लग गई। जब तक लोगों को जानकारी लगी, तब तक आग बेकाबू हो चुकी थी और पूरे क्षेत्र में धुएं फैल गया था। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस, फायर ब्रिगेड और गोदाम मालिक को सूचना दी।



### सात फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

सूचना मिलते ही फायर स्टेशन से दमकल रवाना की गई। गोदाम का रास्ता संकरा होने के कारण दमकलों को गोदाम तक पहुंचने के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ी। आग इतनी भीषण थी कि चारों ओर से पानी डालने के बाद भी काबू में नहीं आ रही थी। इसलिए गोदाम की दीवार तोड़नी पड़ी। इसके बाद सातों वाहनों से पानी फेका गया। टेंट का कपड़ा और डेकोरेशन का वायर होने के कारण आग पानी डालने के बाद भी भड़क रही थी। इस कारण गोदाम में रखा सारा सामान जल गया।

### रिहायशी क्षेत्र होने से बढ़ी चिंता

गोदाम घनी आबादी वाले रिहायशी इलाके में स्थित है। यदि आग आसपास के मकानों तक फैल जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। दमकल कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग को फैलने से रोका।

### 50 लाख का नुकसान, जांच जारी

गोदाम मालिक के अनुसार आग से टेंट, डेकोरेशन का सामान, सीजन के लिए खरीदी गई सामग्री, लोडिंग वाहन और बाइक सहित करीब 50 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि पुलिस और फायर विभाग मामले की विस्तृत जांच कर रहे हैं।

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंजलि जोसेफ ने किया कार्यालय का टेबल निरीक्षण



**हरदा ■ निसं**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री मति अंजलि जोसेफ ने आज दिनांक 26/2/25 को जिला पंचायत के अधिकारी कर्मचारियों के टेबल का निरीक्षण किया गया ,उन्होंने सभी अधिकारी कर्मचारी को ई ऑफिस के माध्यम से कार्य करने , लंबित प्रकरणों को समय सीमा में प्रस्तुत करने ,आवक जावक शाखा शाखा को कोई भी पत्र लंबित नहीं रखने ,वित्त शाखा में कैश बुक मैंनटेन करने ,स्थापना शाखा की महत्वपूर्ण नस्ती को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए साथ ही ई ऑफिस के लॉगिन को ओपन कर प्राप्त पत्रों को डाई राइस ,फाइल पुट अप ,डिस्पैच ,पत्रों को इश्यू करने ,फाइलों को समय सीमा अंतराल में पार्क करने ,के भी निर्देश दिए गए।

जिला पंचायत कार्यालय का भ्रमण कर कर्मचारियों को कार्यालय की स्वच्छता बनाने रखने का कहा गया।

# पश्चिम मध्य रेल की पहली महिला महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय का गरिमामयी विदाई समारोह संपन्न

**जबलपुर ■ निसं**

पश्चिम मध्य रेल के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय का समापन हुआ। पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय अपनी अधिवार्षिता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गईं। मुख्यालय सभागार में आयोजित एक भव्य विदाई समारोह में उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

इस अवसर पर अपर महाप्रबन्धक प्रमोद कुमार खत्री, प्रमुख वित्त सलाहकार सुश्री मनजीत कौर एवं प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री एस. डी. पाटीदार द्वारा उन्हें सेवानिवृत्ति संबंधी दस्तावेज एवं सम्मान पत्र प्रदान किए गए। रेल प्रशासन की ओर से उनके आगामी स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन के लिए मंगलकामनाएं प्रेषित की गईं।

**उपलब्धियों से भरा सफर:** भारतीय रेलवे सिग्नल इंजीनियरिंग सेवा (IRSSE) के 1987 बैच की वरिष्ठ अधिकारी श्रीमती बंदोपाध्याय ने 1 नवंबर 2023 को पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण किया था। वह इस महत्वपूर्ण पद को सुशोभित करने वाली पहली महिला रेल अधिकारी रहीं। अपने 38 वर्षों के दीर्घ



कार्यकाल में उन्होंने मध्य रेलवे, दक्षिण पूर्व रेलवे, उत्तर रेलवे, पश्चिम मध्य रेल और रेलवे बोर्ड में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दीं।

**पश्चिम मध्य रेल को मिलीं नई ऊंचाइयां:** श्रीमती बंदोपाध्याय के कुशल नेतृत्व में पश्चिम मध्य रेल ने परिचालन, सुरक्षा और आधुनिकीकरण के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए:

**तकनीकी नवाचार:** आईटी, सिग्नल और टेलीकॉम संपत्तियों के आधुनिकीकरण में उनका विशेष योगदान रहा।

**प्रतिष्ठित सम्मान:** उनके कार्यकाल के दौरान पश्चिम मध्य रेलवे को महामहिम राष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय रेलमंत्री द्वारा विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कारों से नवाजा गया।

उत्कृष्ट नेतृत्व: नागपुर में मंडल रेल प्रबंधक (DRM) के रूप में उन्हें संपूर्ण भारतीय रेलवे में 'बेस्ट लीडरशिप एंड परफॉरमेंस एक्सीलेंस अवार्ड' से भी सम्मानित किया जा चुका है।

### गौकाष्ट से होगा होलिका दहन, बचेंगे गोवंश

**खंडवा ।** सामाजिक समरसता एवं रंगों के इस भाईचारे की पवित्र त्यौहार होली को हम सभी धर्म और संस्कृति से जुड़े अध्यायों के रूप में उत्साह से मनाए। पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए होली का पर्व मनाए। समाजसेवी और प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि अंधाधुंध वनों की कटाई के कारण प्रकृति का संतुलन कहीं ना कहीं बिगड़ा है, हम सब का दायित्व है कि पर्यावरण प्रगति की सुरक्षा के लिए वृक्षो की रक्षा करे। होली के त्योहार पर बड़ी संख्या में जगह-जगह होली का दहन होता है लेकिन बड़ी तादाद में लकड़ीयों से होली जलने के कारण वनों की कमी होती है। पर्यावरण की रक्षा के लिए हम सब संकल्प लेते हुए गोबर के कंडो की होली जलाएं और लकड़ी को बचाएं। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आव्हान करते हुए कहा कि इस बार होली गौकाष्ट वाली हो, इस होली पर एक पर्यावरण अनुकूल कदम उठाएं, होली दहन पर लकड़ी की जगह गौकाष्ट एवं कंडो का उपयोग करें।

# दिवंगत कांग्रेस नेता राजेश दुबे की जयन्ति पर पुष्पांजलि



**माखननगर ■ निसं**

कांग्रेस के दिवंगत नेता गुर्रा के सरपंच रहे क्षेत्र के साथियों के दिलों में रहने वाले राजेश दुवे की जयन्ति के अवसर पर अनेक शुभ चिंतकों ने गुर्रा स्टेशन पर लगी श्री दुवे की मूर्ति स्थल पर पहुंचकर उन्हें फूलमाला पहना कर नमन किया और साथियों ने उनके संस्मरण सुनाकर उन्हें याद किया । इस अवसर पर पूर्व मण्डी सदस्य तेनसिंग तोमर ( गुड्डु ),कांग्रेस नेता केलू उपाध्याय, किसान नेता बाबू चौधरी, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष हेमू कस्यप, महेश मीना ,राधेलाल चौरे सहित अनेक सांथी सामिल रहे ।

## वर्धमान और ट्राइडेंट यूनिट्स की सुरक्षा व्यवस्था की भी की समीक्षा

# अवैध गतिविधियों पर शून्य सहनशीलता- बुदनी में एसपी की सख्त चेतावनी



**बुधनी ■ निसं**

सीहोर जिले में पुलिस व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से दीपक कुमार शुक्ला ने बुदनी अनुभाग के थानों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने एसडीओपी कार्यालय बुदनी, थाना बुदनी, थाना शाहगंज और चौकी बक्तरा का भ्रमण कर अभिलेख, अपराध रजिस्टर, लंबित प्रकरण, मालखाना, हवालात एवं कार्यालयीन व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।

एसपी ने अधिकारियों-कर्मचारियों को लंबित मामलों का त्वरित निराकरण, अपराध रोकथाम हेतु प्रभावी गश्त, अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी तथा आमजन से संवेदनशील व्यवहार अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जनविश्वास को मजबूत करने में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# कथा में उद्धव प्रसंग एवं रुक्मणी मंगल की कथा के साथ मनी फूलों की होली

**माखननगर ■ निसं**

ग्राम आमखेड़ी में श्रीमद् भागवत कथा के षष्ठम दिवस पर उद्धव प्रसंग एवं रुक्मणी मंगल का की कथा के साथ फूलों की होली मनाई गई कथा व्यास पंडित सदभव तिवारी ने रास पंच अध्याय का वर्णन किया।

उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं.उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं. जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है. उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। कथा में



भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कल्यवान का वध, उद्धव गोपी संवाद, ऊद्धव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना एवं रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय कथा का श्रवण कराया गया। पंडित सदभव तिवारी जी ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा का परमात्मा से मिलन हुआ।

उन्होंने कहा भगवान जीव को पहले अपने पास बुलाते हैं फिर उनकी परीक्षा लेते हैं फिर उनके साथ सदा के लिए निवास करते हैं महारास के प्रसंग को इसी भाव में वर्णन करते हुए उद्धव चरित्र का व्याख्यान किया एवं रुक्मणी मंगल का उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया ।

## अनमोल वचन

खुशी केवल उन्हीं व्यक्तियों को प्राप्त होती है जो कि दूसरों को खुश करने के लिए प्रयासरत रहते है।
**अज्ञात**

भविष्य केवल उनका है जो सपनों की सुंदरता में यकीन करते है।
**एलेअनोर रूज़वेल्ट**

## सम्पादकीय

### दम है, तो दिल्ली में दोबारा चुनाव करवाएं, मोदी

*सीबीआई के विशेष जज जितेंद्र सिंह ने 598 पेज का निर्णय दिया है। निर्णय में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित सभी 23 आरोपियों को कोर्ट ने सबूत के अभाव में आबकारी नीति घोटाले के मामले में बरी कर दिया है। विशेष न्यायाधीश ने अपने आदेश में कहा, बिना सबूत के आरोपियों को आपराधिक मुकदमे में घसीटना न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग है। आपराधिक प्रक्रिया का गलत इस्तेमाल जांच एजेंसी द्वारा किया गया है। कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया, न्यायिक जांच की कसौटी पर अभियोजन पक्ष जरा भी नहीं टिक पाया। कोर्ट ने आरोपियों को फंसाने के लिए व्यापक साजिश के दावे की पुष्टि की है। जो सीबीआई के लिए सबसे बड़ा झटका है। अदालत ने जांच एजेंसी की कार्यप्रणाली को पूर्व नियोजित और कोरियोग्राफड बताते हुए गंभीर टिप्पणी की है। विशेष न्यायाधीश ने अपने फैसले में स्पष्ट रूप से उल्लेख करते हुए कहा, आपराधिक मुकदमे में इस तरह से किसी को भी नहीं उलझा सकते हैं। राजनीतिक असहमति को आपराधिक मामलों के रूप में प्रस्तुत करने की कोर्ट ने तीव्र आलोचना फैसले में की है। उल्लेखनीय है, जांच एजेंसी ने साउथ लावी के नाम से तेलंगाना के तत्कालीन मुख्यमंत्री की बेटी कविता को 165 दिन तक हिरासत में रखा, राज्यसभा सांसद संजय सिंह को अकारण 181 दिनों तक जेल में बंद करके रखा गया था। इस पर न्यायालय ने कड़ी टिप्पणी की है। न्यायालय ने फैसले में उत्तर और दक्षिण के बीच में राजनीतिक विद्वेष फैलाने का कृत्य माना है। न्यायालय ने आबकारी अधिकारी कुलदीप सिंह को आरोपी नंबर एक बनाने पर कड़ी आपत्ति फैसले में दर्ज की है। सीबीआई ने जिस तरह से आबकारी नीति को जबरिया अपराध साबित करने के लिए एक के बाद एक कई लोगों को फंसाती चली गई। संदिग्ध गवाह बनाए गए। काल्पनिक सबूत बयान के आधार पर तैयार करने की कोशिश की गई। विशेष न्यायाधीश ने सीबीआई के अधिकारियों ने जांच करते हुए चुनाव प्रचार, होटल बुकिंग, और भुगतान इत्यादि की जांच की। चुनाव आयोग के अधिकारों का उपयोग सीबीआई ने किया है। अधिकारियों ने संविधानिक सीमाओं को पार किया है। जिन लोगों ने पैसे लेने और देने के आरोप स्वीकार किए थे। सीबीआई ने उन्हें गवाह बना लिया। उन गवाहों के बयान पर अन्य लोगों को फंसाया गया। अदालत ने फैसले में कहा अभियोजन के बयान की कॉपी अदालत को नहीं मिली। रिकॉर्ड को देखने से पता लगता है, जांच एजेंसी ने अदालत को भी दृग भ्रमित किया है। ट्रायल कोर्ट ने जिस तरह से सारे मामलों का विवेचन करते हुए सबूत के अभाव में सभी आरोपियों को बरी कर दिया है, उसके बाद केंद्र सरकार, जांच एजेंसी सीबीआई और ईडी द्वारा चुनाव के ठीक पहले विपक्षी दलों पर जिस तरीके की कार्रवाई की गई थी। जिस तरह से विधानसभा और लोकसभा के चुनाव को प्रभावित किया गया है। इस सभी कार्यवाही का लाभ भाजपा को मिला। उसको लेकर देश में एक नया दबाव सत्ता पक्ष और जांच एजेंसियों के ऊपर पडना शुरू हो गया है। कोर्ट के फैसले पर केजरीवाल ने मीडिया के सामने रोते हुए कहा, प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का सियासी षड्यंत्र था। उनकी पार्टी के पांच बड़े नेताओं को चुनाव के पहले जेल में बंद कर दिया गया। मुख्यमंत्री और मंत्रियों को जेल भेज कर आम आदमी पार्टी को बदनाम कर चुनाव लड़ने से रोकने का हर संभव प्रयास किया। अरविंद केजरीवाल ने पत्रकार वार्ता में मोदी और शाह को चुनौती देते हुए कहा, यदि भाजपा में दम है, तो दिल्ली विधानसभा और लोकसभा का दोबारा चुनाव कराएं। ट्रायल कोर्ट के इस फैसले ने भारतीय राजनीति की दिशा और दशा बदलने का काम किया है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल उनकी आम आदमी पार्टी और सभी विपक्षी दल आक्रामक हो गए हैं। सीबीआई और ईडी द्वारा जिस तरह से विपक्षी राजनेताओं को निशाने पर लिया गया है। राजनीतिक दलों के नेताओं को आपराधिक मामले में फंसाया गया है। चुनाव के ठीक पहले दोनों एजेंसियां सीबीआई, ईडी और बाद में इसमें इनकम टैक्स भी शामिल हो गया था। पूरी तरह से सरकार के दबाव में विपक्षियों के खिलाफ जो कार्रवाई कर रहे थे। इस फैसले के बाद अब विपक्ष को नई संजीवनी मिल गई है। सत्ता पक्ष के लिए भविष्य में कानून और जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करना आसान नहीं होगा। अभी तक विपक्षी दल दबाव में थे। अब विपक्ष पूरी तरह से मुखर हो चुका है। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय ईडी को जो विशेष अधिकार मिले थे, पिछले कई वर्षों से उनका बड़े पैमाने पर दुरुपयोग सत्ता पक्ष के लिए हो रहा था। जांच एजेंसी के पास विशेष अधिकार होने के कारण हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट इस मामले में विपक्षी नेताओं को ना तो राहत दे पा रहे थे, ना ही विपक्षी नेताओं के मामलों की सही सुनवाई हो पा रही थी। कोर्ट के अंदर ईडी के अधिकारी और वकील जो बोल देते थे, अदालतों को वही सच मानना पड़ता था। राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष अदालत ने इस फैसले में जिस तरह से सीबीआई जांच एजेंसी और उसके अधिकारियों की अवैधानिक कार्यवाही का उल्लेख किया है, उसके कारण जांच एजेंसियों और केंद्र सरकार की मुसीबतें बढ़ना तय हो गई हैं। जांच एजेंसियों ने जिस तरह से विपक्षी दलों के नेताओं को लंबे समय तक जेल में रखा। उनका राजनीतिक और सामाजिक करियर पूरी तरह से बर्बाद करने की कोशिश की गई। इसका खामियाजा उनके परिवारजनों को भी भुगतना पड़ा। इस तरह की कार्यवाही आपातकाल के दौरान भी नहीं हुई थी।*

## चिंतन-मनन

### ईश्वर हमेशा भक्तों की सहायता करता है

*ईश्वर को हम भले ही न देख पाएं लेकिन ईश्वर हर क्षण हमें देख रहा होता है। उसकी दृष्टि हमेशा अपने भक्तों एवं सद्व्यक्तियों पर रहती है। अगर आप गौर करेंगे तो पाएंगे कि जीवन में कभी न कभी कठिन समय में ईश्वर स्वयं आकर आपकी सहायता कर चुके हैं। उस कठिन समय में आपके अंदर भक्ति की भावना उमड़ रही होगी और आप ईश्वर को याद कर रहे होंगे। शास्त्रों कहता है कि ईश्वर के लिए संसार का हर जीव उसकी संतान के समान है। जो व्यक्ति उसके बनाये नियमों का पालन करते हुए जीवन यापन करता है ईश्वर उसकी सहायता अवश्य करते हैं। गजराज की कहानी आपने जरूर सुनी या पढ़ी होगी। नदी में गजराज को मगरमच्छ ने पकड़ लिया। इस कठिन समय में गजराज ने भगवान को पुकारा और भगवान विष्णु प्रकट हो गये। भगवान ने अपने चक्र से मगरमच्छ का सिर काट दिया और गजराज के प्राण की रक्षा की। सूरदास जी के जीवन की भी एक ऐसी ही कथा है। सूरदास जी देख नहीं सकते थे। एक बार गलती से एक गड्ढ़े में गिर गये। गड्ढ़े से निकलने का काफी प्रयास करने पर भी वह बाहर निकलने में असफल रहे। इस स्थिति में सूरदास जी ने गोपाल को पुकारा। भगवान श्री कृष्ण बालक रूप में पहुंच गये और सूरदास जी को गड्ढ़े से बाहर निकाला। मीरा के प्राण की रक्षा के लिए भगवान ने मीरा को मारने के लिए भेजे गये विष को प्रभावहीन कर दिया। बघेलखण्ड के बान्धवगढ़ में रहने वाले सेन नामक नाई की भी भगवान ने सहायता की और बघेलखंड का राजा सेन नाई का भक्त बन गया। यह घटना पांच छ सौ साल पुरानी है। सेन नाई राजा की सेवा करता था। इसका काम प्रतिदिन राजा की हजामत बनाना और तेल मालिश करके स्नान कराना था। एक दिन सेन नाई जब राजमहल की ओर चला तब रास्ते में संतों की टोली मिल गयी। नाई उन्हें लेकर घर आ गया और उनकी खूब सेवा की। संतों के साथ बैठकर संत्संग में भाग लिया। राजा के स्नान करने का समय बीता जा रहा था। नाई के नहीं आने से राजा क्रोधित हो रहे थे। इसी समय भगवान स्वयं सेन नाई का वेष धारणकर राजा की सेवा में पहुंच गये। नई बने भगवान की सेवा से राजा का क्रोध दूर हो गया और मन हर्षित हो गया। सत्संग समाप्त होने के बाद सेन नाई को याद आया कि राजा की सेवा में देरी हो गयी है। हजामत का सामान लेकर डरता हुआ सेन नाई राजमहल में पहुंचा। राजा को देर से आने का कारण बताने लगा। इस पर राजा ने कहा कि तुम तो मेरी हजामत बना चुके हो।*

# साजिशें और सतर्कता की जीत आतंकवाद के बदलते स्वरूप पर गंभीर चिंतन



कांतिलाल मांडोत

*सात फरवरी को कश्मीरी गेट और आसपास के क्षेत्रों में लगाए गए देशविरोधी पोस्टरों ने सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया। इन पोस्टरों में भारत विरोधी संदेश और आतंकवादी संगठनों से जुड़े व्यक्तियों की तस्वीरें थीं। सबसे पहले इस गतिविधि पर सीआईएसएफ की नजर पड़ी और सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस की पेट्रोलिंग यूनिट सक्रिय हुई।*

देश की राजधानी दिल्ली और कोलकाता जैसे महानगरों में हाल ही में जिस प्रकार की आतंकी साजिश का खुलासा हुआ, उसने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद का खतरा केवल सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि वह अपने रूप बदलकर समाज के भीतर घुसपैठ करने की कोशिश करता रहता है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और अन्य सुरक्षा एजेंसियों की तत्परता से एक बड़े षड्यंत्र को समय रहते विफल कर दिया गया। यह घटना केवल कुछ पोस्टर लगाने या संदिग्ध गतिविधियों तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसके पीछे एक संगठित मॉड्यूल, विदेशी निर्देश और व्यापक नेटवर्क की आशंका सामने आई है।

सात फरवरी को कश्मीरी गेट और आसपास के क्षेत्रों में लगाए गए देशविरोधी पोस्टरों ने सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया। इन पोस्टरों में भारत विरोधी संदेश और आतंकवादी संगठनों से जुड़े व्यक्तियों की तस्वीरें थीं। सबसे पहले इस गतिविधि पर सीआईएसएफ की नजर पड़ी और सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस की पेट्रोलिंग यूनिट सक्रिय हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को सौंपी गई। स्पेशल सेल के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में जांच आगे बढ़ी और संदिग्धों की धरपकड़ शुरू हुई।

जांच में यह खुलासा हुआ कि इस साजिश के तार बांग्लादेश से जुड़े हुए थे। कोलकाता से एक बांग्लादेशी नागरिक सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने दिल्ली और कोलकाता के विभिन्न स्थानों पर पोस्टर लगाए थे। यह भी सामने आया कि कोलकाता के कई मेट्रो स्टेशनों पर इसी प्रकार की गतिविधियां की गई थीं। आरोपियों को निर्देश देने वाला शख्स शब्बीर अहमद लोन बताया गया, जो जम्मू कश्मीर के गंदेरबल का निवासी है और पूर्व में लश्कर ए तैयबा से जुड़ा रहा है। वर्ष 2007 में उसकी गिरफ्तारी के बाद वह जेल में रहा और 2019 में रिहा हुआ। जांच एजेंसियों का दावा है कि रिहाई के बाद उसने फिर से आतंकी संपर्क स्थापित किए और एक नया मॉड्यूल खड़ा करने की कोशिश की।

आतंकवाद की यही प्रवृत्ति सबसे अधिक चिंताजनक है कि वह बार बार नए चेहरों और नई रणनीतियों के साथ सामने आता है। कभी वह हथियारों के जरिए हमला करता है, कभी वैचारिक युद्ध के माध्यम से समाज में जहर घोलने की कोशिश करता है। पोस्टर जैसे प्रतीत होने वाले साधारण माध्यम का उपयोग भी यदि किसी बड़े षड्यंत्र का हिस्सा हो सकता है, तो यह सुरक्षा तंत्र के लिए गंभीर चेतावनी है।

तमिलनाडु से छह बांग्लादेशी नागरिकों की गिरफ्तारी ने इस पूरे प्रकरण को और व्यापक बना दिया है। जांच में यह संकेत मिले कि इन लोगों को किसी बड़ी वारदात के लिए तैयार किया जा रहा था। सुरक्षा एजेंसियां अब इनके नेटवर्क, फंडिंग और अंतरराष्ट्रीय संपर्कों की पड़ताल कर रही हैं। यह भी जांच का विषय है कि किस प्रकार सीमापार बैठे हैंडलर भारत के भीतर युवाओं को प्रभावित करने या भ्रमित करने का प्रयास करते हैं।

इस पूरे घटनाक्रम के समानांतर अरब सागर में विदेशी सामान की तस्करी का मामला भी सामने आया, जिसमें अल मुख्तार नामक नाव से लगभग पांच करोड़ रुपये मूल्य की विदेशी सिगरेट बरामद की गई। चार ईरानी नागरिकों को हिरासत में लिया गया और उनके पास से सैटेलाइट फोन जब्त किए गए। यद्यपि यह मामला सीधे तौर पर आतंकवाद से जुड़ा हुआ सिद्ध नहीं हुआ है, परंतु तस्करी, अवैध वित्तीय लेनदेन और आतंकी गतिविधियों के बीच संबंधों को नकारा नहीं जा सकता। कई बार ऐसे अवैध माध्यम ही आतंकवाद की फंडिंग का आधार बनते हैं।

आतंकवाद केवल बंदूक और बम का नाम नहीं है। यह एक विचारधारा भी है जो असंतोष, कट्टरता और भ्रम के सहारे पनपती है। जब कोई संगठन युवाओं को राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के लिए प्रेरित करता है, तो वह केवल कानून का उल्लंघन नहीं करता बल्कि समाज की एकता और विश्वास को भी तोड़ने का प्रयास करता है। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में जहां अनेक धर्म, भाषाएं और संस्कृतियां साथ रहती हैं, वहां ऐसी गतिविधियां सामाजिक सौहार्द के लिए बड़ा खतरा बन सकती हैं।

सुरक्षा एजेंसियों की सफलता इस बात का प्रमाण है कि देश की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था मजबूत है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि को हल्के में नहीं लिया जाता। तकनीकी निगरानी, खुफिया सूचनाओं का आदान प्रदान और राज्यों के बीच समन्वय ने इस साजिश को नाकाम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। किंतु यह भी सत्य है कि आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई केवल सुरक्षा बलों के भरोसे नहीं लड़ी जा सकती। समाज की सजगता, नागरिकों की जिम्मेदारी और युवाओं में सकारात्मक सोच का विकास भी उतना ही आवश्यक है।

आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया और इंटरनेट के माध्यम से कट्टरपंथी विचारों का प्रसार तेज गति से होता है। सीमापार बैठे तत्व भ्रामक सूचनाओं और उकसावे के जरिए युवाओं को अपने जाल में फंसाने की कोशिश करते हैं। ऐसे में शिक्षा, जागरूकता और संवाद की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि युवाओं को सही दिशा, रोजगार और अभिव्यक्ति के स्वस्थ अवसर मिलें, तो वे किसी भी भटकाव का शिकार नहीं होंगे।

भारत ने पिछले दशकों में आतंकवाद की भारी कीमत चुकाई है। जम्मू कश्मीर से लेकर महानगरों तक अनेक निर्दोष लोगों ने अपनी जान गंवाई है। इसलिए प्रत्येक साजिश का समय रहते पर्दाफाश होना न केवल सुरक्षा की जीत है, बल्कि यह उन सभी नागरिकों के प्रति उत्तरदायित्व का निर्वाह भी है जो शांति और विकास का सपना देखते हैं।

इस घटना से यह स्पष्ट संदेश जाता है कि आतंकवाद चाहे वैचारिक हो या सशस्त्र, उसकी जड़ें काटने के लिए बहुआयामी रणनीति आवश्यक है। सीमाओं की सुरक्षा, खुफिया तंत्र की मजबूती, वित्तीय लेनदेन पर निगरानी और समाज में जागरूकता का विस्तार एक साथ चलना चाहिए। साथ ही, जो लोग भटक चुके हैं, उनके पुनर्वास और मुख्यधारा में लौटने के प्रयास भी किए जाने चाहिए, ताकि वे फिर किसी साजिश का हिस्सा न बनें।

अंततः यह समझना होगा कि आतंकवाद का लक्ष्य केवल भय फैलाना नहीं होता, बल्कि वह राष्ट्र की एकता और विश्वास को कमजोर करना चाहता है। जब देश की एजेंसियां सतर्कता और समन्वय के साथ ऐसी साजिशों को विफल करती हैं, तो यह लोकतंत्र की शक्ति और सामूहिक संकल्प का प्रतीक बनता है। भारत की विविधता, लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिकों की सजगता ही आतंकवाद के विरुद्ध सबसे बड़ी ढाल है। यदि हम सभी मिलकर शांति, सद्भाव और कानून के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करें, तो कोई भी आतंकी साजिश हमारे राष्ट्रीय आत्मविश्वास को डिगा नहीं सकती है।

# न्यायपालिका में भ्रष्टाचार की चर्चा: सत्य का आईना या संस्था की गरिमा पर प्रहार?



डॉ. प्रियंका सौरभ

*सीजेआई सूर्यकांत ने इसे न्यायपालिका को बदनाम करने की गहरी और सोची-समझी साजिश करार दिया तथा शिक्षा मंत्रालय और एनसीईआरटी निदेशक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। विवादित अध्याय के लेखकों की पहचान, उनकी योग्यता और सिलेबस फ्रेमिंग बैठकों की कार्यवाही प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है। यह घटना न केवल शिक्षा नीति पर सवाल उठाती है, बल्कि संस्थागत गरिमा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और भ्रष्टाचार पर खुली चर्चा के बीच संतुलन की बहस को जन्म देती है।*

न्यायपालिका भारत के लोकतंत्र का संरक्षक स्तंभ है, जो संविधान की रक्षा करता है और नागरिकों को न्याय का आश्वासन देता है। लेकिन हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने एनसीईआरटी की कक्षा आठवीं की सोशल साइंस किताब पर सख्त रुख अपनाते हुए छपाई, वितरण और वितरण पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया। किताब के हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका अध्याय में न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों पर भ्रष्टाचार, लंबित मामलों की भारी संख्या, जजों की कमी और पूर्व सीजेआई बी.आर. गवई के बयानों का उल्लेख था। सीजेआई सूर्यकांत ने इसे न्यायपालिका को बदनाम करने की गहरी और सोची-समझी साजिश करार दिया तथा शिक्षा मंत्रालय और एनसीईआरटी निदेशक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। विवादित अध्याय के लेखकों की पहचान, उनकी योग्यता और सिलेबस फ्रेमिंग बैठकों की कार्यवाही प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है। यह घटना न केवल शिक्षा नीति पर सवाल उठाती है, बल्कि संस्थागत गरिमा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और भ्रष्टाचार पर खुली चर्चा के बीच संतुलन की बहस को जन्म देती है। क्या स्कूली पाठ्यक्रम में ऐसी चर्चा गलत है? या यह समाज को सतर्क करने का माध्यम है?

भारतीय संविधान अनुच्छेद 19(एक) के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रदान करता है, लेकिन अनुच्छेद 19(दो) में उचित प्रतिबंध भी हैं, जिनमें न्यायालय की अवमानना शामिल है। सुप्रीम कोर्ट का कदम अवमानना अधिनियम 1971 के दायरे में आता है, जहां न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली सामग्री दंडनीय है। कोर्ट ने तर्क दिया कि अध्याय चुनिंदीय (सेलेक्टिव) था- न्यायपालिका पर भ्रष्टाचार का उल्लेख तो प्रमुख था, लेकिन विधायिका या कार्यपालिका पर ऐसा कोई जिक्र नहीं। लंबित मामलों को मैसिव बैकलॉग कहना और जजों की कमी को चुनौती के रूप में पेश करना संस्था को कमजोर दिखाता है। पूर्व सीजेआई गवई के बयान का संदर्भ बिना पूर्ण संदर्भ के लिया गया, जो भ्रामक था। कोर्ट ने इसे डीप-रूटेड कांस्पिरेसी कहा, जो संकेत देता है कि यह केवल शैक्षणिक चूक नहीं, बल्कि सुनियोजित प्रयास हो सकता है। एनसीईआरटी द्वारा हाल में संशोधित पाठ्यक्रम में ऐसी सामग्री शामिल करना शिक्षा मंत्रालय की लापरवाही दर्शाता है। सिलेबस एक्सपर्ट कमिटी की बैठकों में पारदर्शिता की कमी पर सवाल उठे हैं-क्या लेखक राजनीतिक पूर्वाग्रह से प्रेरित थे? कोर्ट ने गहन जांच का भरोसा दिलाया है, जो स्वागतयोग्य है।

भ्रष्टाचार पर चर्चा लोकतंत्र के लिए आवश्यक है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के अनुसार, भारत का करप्शन परसेप्शन इंडेक्स 2025 में 40/100 रहा, जो न्यायपालिका सहित संस्थाओं की चुनौतियों को रेखांकित करता है। सुप्रीम कोर्ट ने स्वयं ब्रह्मावर्त हॉस्टल मामले या मेडिकल एडमिशन घोटालों में भ्रष्टाचार पर तीखी टिप्पणियां की हैं। जस्टिस जे.एस. वर्मा ने कहा था कि ज्यूडिशियरी में भ्रष्टाचार का एक मामला भी पूरी संस्था को दागदार बनाता है। लेकिन स्कूली किताब में इसे सामान्यीकृत कर पेश करना उचित नहीं। बच्चे 13-14 वर्ष के होते हैं-उन्हें तथ्यपरक ज्ञान दें, न कि पूर्वाग्रहपूर्ण दृष्टिकोण। अध्याय जवाबदेही, शक्तियों के पृथक्करण और सुधारों (जैसे फास्ट-ट्रैक कोर्ट, जजों की भर्ती) पर केंद्रित होता तो उपयोगी होता। वर्तमान रूप में यह नकारात्मकता बोता है, जो युवा पीढ़ी में न्यायपालिका के प्रति अविश्वास पैदा कर सकता है। हरियाणा जैसे राज्यों में, जहां पंचायती राज मजबूत है, स्थानीय न्याय व्यवस्था पहले से जूझ रही है-ऐसी सामग्री से ग्रामीण बच्चे हतोत्साहित होंगे।

एनसीईआरटी की भूमिका पर सवाल उठना स्वाभाविक है। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत पाठ्यक्रम सरलीकृत और भारतीयता-केंद्रित बनाने का लक्ष्य था, लेकिन यह विवाद उलटा असर डाल रहा है। मंत्रालय को सिलेबस फ्रेमिंग में बहुपक्षीय परामर्श अनिवार्य करना चाहिए-शिक्षाविद्, न्यायिक विशेषज्ञ, अभिभावक संगठन शामिल हों। लेखकों की योग्यता जांचे-क्या वे राजनीति विज्ञान के विशेषज्ञ हैं या सामान्य शिक्षक? कोर्ट ने डिजिटल कॉपियां भी जब्त करने को कहा, जो साइबर युग में चुनौतीपूर्ण है। लेकिन यह कदम आवश्यक था, क्योंकि गलत सूचना वायरल हो सकती थी। वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी जैसे वरिष्ठों ने कोर्ट में इसे चुनिंदीय बताया, जो बहस को मजबूत करता है। अब जांच से यदि साजिश सिद्ध हुई, तो जिम्मेदारों पर अवमानना का मुकदमा चलेगा।

यह मामला व्यापक सुधारों की मांग करता है। न्यायपालिका में भ्रष्टाचार रोकने हेतु राष्ट्रीय न्यायिक आयोग (एनजेएसी) को मजबूत बनाएं, जो जजों की नियुक्ति पारदर्शी करे। ई-कोर्ट प्रोजेक्ट को तेज करें, ताकि लंबित मामले घटें-वर्तमान 5 करोड़ से अधिक हैं। जजों की संख्या बढ़ाने हेतु विधायी सहमति लें। शिक्षा में भ्रष्टाचार को नैतिकता के अध्याय में शामिल करें, न कि संस्था-विशेष पर प्रहार के रूप में। अभिव्यक्ति स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है, लेकिन संस्था की गरिमा सर्वोपरि। सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप सही दिशा में है-यह चेतावनी है कि शिक्षा भ्रष्टाचार नहीं बोएगी।

एनसीईआरटी को पाठ्यक्रम पुनरीक्षण कर तथ्यपरक, संतुलित सामग्री सुनिश्चित करनी चाहिए। सरकारें पारदर्शिता बढ़ाएं-आरटीआई से सिलेबस प्रक्रिया खुली हो। जनता जागरूक बने, क्योंकि मजबूत न्यायपालिका ही मजबूत भारत है। यदि भ्रष्टाचार पर चर्चा सुधार लाए, तो स्वागतयोग्य; अन्यथा यह साजिश मात्र। सुप्रीम कोर्ट की जांच से सत्य सामने आएगा, और शिक्षा प्रणाली मजबूत बनेगी। लोकतंत्र में संतुलन ही सफलता की कुंजी है।

## खामोशी से जान लेती सेक्सवर्धक दवाएं

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

*भारत जैसे समाज में यौन स्वास्थ्य आज भी खुली बातचीत का विषय नहीं है। पुरुषों से अपेक्षा की जाती है कि वे हर हाल में 'सक्षम' रहें-चाहे उम्र, तनाव या बीमारी कुछ भी हो। इसी दबाव में डॉक्टर से सलाह लेना कमजोरी मान लिया जाता है, जबकि बिना जांच दवा खाना 'समाधान' समझ लिया जाता है। यही चुप्पी सबसे खतरनाक है। लोग अपने शरीर के संकेतों को अनदेखा करते हैं, मानसिक तनाव को दबाते हैं और सामाजिक छवि बचाने के लिए जोखिम उठाते हैं। नतीजा यह होता है कि एक अस्थायी समाधान स्थायी मौत में बदल जाता है। यह केवल व्यक्तिगत विफलता नहीं, बल्कि एक गहरी सामाजिक असफलता है। भारत में समय-समय पर सामने आने वाली कुछ मौतें सुर्खियों में आ जाती हैं, लेकिन उनसे जुड़ी असहज सच्चाइयों पर समाज अक्सर चुप्पी साध लेता है। होटल के कमरों, निजी फ्लैटों और बंद दरवाजों के पीछे हुई मौतों को 'संदिग्ध परिस्थितियों' कहकर दर्ज कर दिया जाता है और मामला यहीं खत्म मान लिया जाता है। लेकिन सच्चाई यह है कि ऐसी घटनाएं अपवाद नहीं हैं। ये उस समस्या का संकेत हैं, जो देशभर में फैल चुकी है और जिसकी कीमत हज़ारों लोग अपनी जान देकर चुका रहे हैं-बिना चिकित्सकीय सलाह के सेक्सवर्धक दवाओं के बेतहाशा और लापरवाह इस्तेमाल से। देश में इन दवाओं की उपलब्धता किसी सामान्य टॉनिक की तरह है। मेडिकल स्टोर, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और अनधिकृत चैनलों से ये दवाएं बिना पर्ची, बिना चेतावनी और बिना किसी परामर्श के मिल जाती हैं। न उम्र पूछी जाती है, न पहले से मौजूद बीमारियों का जिक्र होता है, न ही संभावित दुष्प्रभावों की जानकारी दी जाती है। मानो यह दवा नहीं, बल्कि सामाजिक दबाव से निकलने का कोई आसान रास्ता हो। यही आसान रास्ता कई बार सीधे मौत की ओर ले जाता है। इन दवाओं का असर केवल शारीरिक नहीं होता। हृदय गति, रक्तचाप और नर्वस सिस्टम पर पड़ने वाला प्रभाव किसी भी व्यक्ति के लिए घातक हो सकता है, खासकर तब जब पहले से हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप या अत्यधिक तनाव मौजूद हो। इसके बावजूद इन दवाओं के विज्ञापन मर्दानगी को चुनौती की तरह पेश करते हैं-उम्र को मात देने, क्षमता साबित करने और कमजोरी छिपाने के संदेश खुलेआम परोसे जाते हैं। सवाल यह है कि जब नतीजे जानलेवा हो सकते हैं, तो इस प्रचार की जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा? इस पूरे संकट की जड़ में समाज की वही पुरानी सोच है, जो यौन स्वास्थ्य को आज भी शर्म और चुप्पी के दायरे में रखती है। पुरुषों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे हर हाल में सक्षम रहें, चाहे शरीर साथ दे या नहीं। डॉक्टर से सलाह लेना कमजोरी समझा जाता है, जबकि बिना जांच दवा लेना बहादुरी या समझदारी मान लिया जाता है। यही मानसिक दबाव व्यक्ति को ऐसे फैसले लेने पर मजबूर करता है, जिनकी कीमत जान से चुकानी पड़ सकती है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि ऐसी मौतों के बाद भी सच्चाई अक्सर सामने नहीं आती। परिवार सामाजिक बदनामी के डर से चुप रहना बेहतर समझता है। मृत्यु प्रमाण-पत्र पर कारण कुछ और लिख दिया जाता है और मामला खत्म हो जाता है। पुलिस के लिए यह एक और 'प्राकृतिक मौत' बन जाती है और सिस्टम आगे बढ़ जाता है। लेकिन हर बार जब सच्चाई दबा दी जाती है, तब अगली मौत की जमीन तैयार हो जाती है। यह केवल व्यक्तिगत या पारिवारिक त्रासदी नहीं है। यह एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट है, जिसे स्वीकार करने से हम लगातार बचते रहे हैं। अगर सच सामने आए, अगर आंकड़े ईमानदारी से इकट्ठा किए जाएं, तो शायद यह साफ दिखे कि ऐसी मौतें सैकड़ों नहीं, बल्कि हज़ारों में हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि इनमें से अधिकांश कभी चर्चा का विषय नहीं बनतीं।*

## खास बात

### ड्रग माफिया के मारे जाने पर मेक्सिको में दंगा

मेक्सिको में इन दिनों सारे देश में दंगा फैला हुआ है। मेक्सिको की सेना ने नशे के गैंगस्टर मेंचो जलिस्को को मुठभेड़ में मार गिराया। उसके बाद मेक्सिको में हर जगह धरने प्रदर्शन मारपीट और दंगे हो रहे हैं। कहा जा रहा है, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नशे के गैंगस्टर को मरवाया है।उसके बाद से मेक्सिको धधक रहा है। इसका असर जल्द ही अमेरिका में भी देखने को मिल सकता है।सरकार से ज्यादा पावरफुल इन दिनों नशे के कारोबारी हैं।

### मोदी जी ने लिखी बंगाली में चिट्ठी

अगले कुछ ही महीनो में पश्चिम बंगाल में चुनाव होना है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के सभी मतदाताओं को हिंदी और बांग्ला भाषा में पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने भाजपा की सरकार बनने का भरोसा दिलाया है। मोदी जी ने बंगाली में चिट्ठी लिखकर, बंगालियों से आशीर्वाद मांगा है। देखना यह है कि आशीर्वाद मोदी जी को मिलता है, या ममता दीदी को। बहरहाल चर्चा बंगाली भाषा में मोदी जी के चिट्ठी लिखने की हो रही है।

### असम में प्रियंका गांधी की चलेगी?

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी असम में सक्रिय हो गई हैं।टिकट बंटवारा से लेकर चुनाव की सारी रणनीति को वह फाइनल करेंगी। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए हैं। कहा जा रहा है, सपने पूरे करने के लिए उन्हें 50 करोड रुपए की मदद मिली है। जिसके कारण वह भाजपा में शामिल हुए हैं।अब उनको चुनौती देने का काम प्रियंका गांधी कर रही हैं। असम में मतदाताओं के बीच प्रियंका गांधी को लेकर नया उत्साह देखने को मिल रहा है। असम में जो जीता वही सिकंदर होगा।

### कांग्रेस की रैली सवालों के घेरे में

इन दिनों कांग्रेस पार्टी अमेरिका और भारत के बीच जो व्यापार संधि हुई है, एपस्टीन फाइल,व्यापार संधि, इजरायल, तथा अडानी के खिलाफ मुकदमे को लेकर देशभर में रैली आयोजित कर रही है। जिन राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं। वहां पर कांग्रेस की ऐसी कोई मुहिम देखने को नहीं मिल रही है। 2026-27 में कई राज्यों के चुनाव होने हैं। किसानो और मजदूरों की देश में बहुत बड़ी आबादी है। राहुल गांधी की व्यक्तिगत इमेज तेजी के साथ बढ़ रही है। चुनाव का मुकाबला वह कैसे करेंगे।इसको लेकर कांग्रेस और भाजपा में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। बिना संगठन के चुनाव कैसे जीतेंगे।

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, फाल्गुन शुक्ल पक्ष, शिशिर ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोद्रय पश्चिमे तिथि, त्रियोदशी, रविवार, पुण्य नक्षत्रे, शोभन योगे, कौलव करणे, कर्क की चंद्रमा, प्रदोष व्रत, मूल प्रारंभ प्रात: 7/55 सर्वार्थ सिद्ध योग 4/14 तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल:** आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल तथा उत्तम वृत्ति वाला, योगी भोगी कार्मिक उत्तम वृत्ति तथा कार्य कुशल चंचल स्वाभिमानी तथा जिद्दी हठी तथा लकड़ी का व्यापारी होगा।

**मेष राशि**- कुटुम्ब की समस्याओं में समय बीतेगा, धन का व्यय होगा, मन उद्विघ्न रहे।

**वृष राशि**- मानसिक बेचैनी क्लेश अशांति के योग बनेंगे तथा कार्य भार अवश्य ही बढ़ेगा।

**मिथुन राशि**- व्यर्थ भ्रमण से धन हानि का आरोप, क्लेश से बचे तथा स्थिति संदिग्ध रहेगी।

**कर्क राशि**- परिश्रम से कुछ सफलता मिलेगी, अर्थव्यवस्था कुछ अनुकूल बन जायेगी।

**सिंह राशि**- मनोबल उत्साह वर्धक होवे, कार्यगति में सुधार होगा कार्य आनंद से हो।

**कन्या राशि**- धन लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष होवे, व्यक्तिगत मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**तुला राशि**- इष्ट मित्र सुख वर्धक होगे तथा सामाजिक कार्यों में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**वृश्चिक राशि**- भाग्य का सितारा प्रबल हो, कार्य गति में सुधार होगा बिगड़े कार्य बनेंगे।

**धनु राशि**- कुटुम्ब में धन का व्यय, मानसिक व्यग्रता स्वभाव में बेचैनी बनेगी।

**मकर राशि**- चिन्ताऐं दूर हो, सफलता के साधन जुटाये तथा रुचि कार्य अवश्य बनेगें।

**कुंभ राशि**- स्त्रीवर्ग से हर्ष, उल्लास कार्यगति में अनुकूलता अवश्य ही बनेगी, चिन्ता हो।

**मीन राशि**- अधिकारियों से तनाव स्थिति रखे, मित्रों से विवाद तथा धोखा होगा।

**पीएल गौतमाचार्य**

## दैनिक पंचांग

**1 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.07 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | मेष | 08.38 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 10.18 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.16 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 14.29 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | सिंह | 16.46 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 18.57 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 21.08 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 23.23 ब.से |
| राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक | | धनु | 01.39 बजे से |
| | | मकर | 03.44 बजे से |
| | | कुंभ | 05.30 बजे से |

**रविवार** 2026 वर्ष का 60 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** त्रयोदशी 19.10 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पुष्य 08.35 बजे को समाप्त।
**योग** शोभन 14.33 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 07.55 बजे तदनन्तर तैतिल 19.10 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 11.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 07° 40'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872635
**जूलियन दिन** 2461100.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान
**तारीख** 11
**विशेष** रवि प्रदोष व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# इस प्रकार बच्चों को मोबाइल की आदत से दूर करें



आजकल के बच्चों में मोबाइल फोन की आदत बहुत तेजी से बढ़ रही है। छोटा-सा बच्चा भी बार-बार फोन मांगता है, रोता है, जिद करता है और बिना फोन के चुप नहीं बैठता। यह आदत न सिर्फ पढ़ाई पर असर डालती है, बल्कि आंखों की रोशनी, नींद और व्यवहार पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है लेकिन अच्छी बात यह है कि थोड़ी समझदारी और लगातार कोशिश से इस आदत को छुड़ाया जा सकता है। इन तीन उपायों से बच्चा खुद फोन कम मांगेगा।

## स्क्रीन टाइम तय करें

सबसे पहले घर में एक साफ नियम बनाएं कि फोन या टैबलेट सिर्फ तय समय पर ही इस्तेमाल होगा, जैसे दिन में 30-60 मिनट से ज्यादा नहीं. बच्चे को पहले से बता दें कि 'खेलने के बाद 30 मिनट फोन, फिर बंद!'

फोन की सेटिंग में जाकर स्क्रीन टाइम लिमिट लगा दें! एंड्रॉयड या आईफोन में पैरेंटल कंट्रोल ऑन करें, जहां आप ऐप्स को लॉक कर सकते हैं या समय खत्म होने पर ऑटोमैटिक बंद हो जाए। जब बच्चा बार-बार मांगे तो प्यार से कहें, 'देखो, टाइमर खत्म हो गया, अब हम साथ कुछ और खेलेंगे.' इससे बच्चे को लगेगा कि नियम सबके लिए हैं, न कि सिर्फ उस पर रोक लगी है. धीरे-धीरे वह आदत डाल लेगा और जिद कम होगी।

## बच्चे को रोचक काम दें

ज्यादातर बच्चे फोन इसलिए मांगते हैं क्योंकि उन्हें कुछ और करने को नहीं मिलता. बोर होने पर फोन सबसे आसान लगता है। इसलिए घर में दूसरी एक्टिविटी बढ़ाएं। जैसे- बाहर पार्क में खेलना, साइकिल चलाना, घर में बोर्ड गेम खेलना, पेंटिंग करना, किताब पढ़ना या साथ मिलकर खाना बनाना. बच्चे को शामिल करें, जैसे 'आज हम सब मिलकर टेंट बनाएंगे!' या 'चलो, तुम्हारी फेवरेट स्टोरी सुनाऊं।'

जब बच्चा व्यस्त रहेगा तो फोन की याद ही नहीं आएगी. शुरुआत में मुश्किल लगेगा, लेकिन 7-10 दिन में फर्क दिखेगा. बच्चा खुद कहेगा, 'मम्मी, चलो खेलें!'

स्वयं परिवार साथ मिलकर कम फोन यूज करें

बच्चे वही सीखते हैं जो देखते हैं. अगर मम्मी-पापा खुद दिनभर फोन में लगे रहें तो बच्चा भी वैसा ही करेगा।

सबसे पहले खुद फोन कम यूज करें। खाना खाते वक्त, बात करते वक्त या बच्चे के साथ खेलते वक्त फोन साइड में रखें। परिवार में 'नो फोन जोन' बनाएं, जैसे डिनर टेबल या बेडरूम में फोन न लाएं। सब मिलकर गेम खेलें, बातें करें या घूमने जाएं.

जब बच्चा देखेगा कि घर में सब फोन कम यूज कर रहे हैं तो वह भी आसानी से मान जाएगा। ये तरीके सबसे ज्यादा असरदार है क्योंकि बच्चा कॉपी करता है। इससे न सिर्फ बच्चे की फोन मांगने की आदत कम होगी, बल्कि परिवार में प्यार, बातचीत और खुशी बढ़ेगी। शुरुआत में बच्चा रो सकता है या जिद कर सकता है, लेकिन प्यार और धैर्य से समझाएं।

# बच्चे की तुलना न करें



अभिभावक होना जितना सुखद होता है, उतना ही मुश्किल भी। अपने बच्चों को कौन सी बात किस तरह समझाना है, इसको लेकर अकसर आप उलझन में पड़ जाते होंगे। कई बार आप अपने बच्चों को प्यार से समझाते हैं, तो कई बार उन्हें डांट देते हैं। कई बार आप उन्हें अपना ही उदाहरण दोते हैं, लेकिन आपकी बातों का बच्चे पर क्या असर पड़ता है, इसका अंदाजा आप नहीं लगा पाते हैं। इसलिए आपको इन बातों को बच्चों से कहने से बचना चाहिए। आप बच्चे की तुलना अपने आप से न करें। आप भी जब छोटे थे तो आपमें कई कमियां रही होंगी। उसे अपने बचपन का मजा लेने दें, उसे परफेक्ट चाइल्ड बनाने की जरूरत नहीं है। अपने फैसले खुद लेने से ही बच्चा आगे बढ़ेगा। अगर उसके फैसले गलत साबित होते हैं, तो उससे वह सीखेगा और आगे सही निर्णय लेगा। गलत फैसला लेने के लिए आपकी डांट उसे डराने और आत्मविश्वास कम करने के अलावा कुछ नहीं कर सकती है। इस तुलना की कोई जरूरत नहीं है। हर बच्चे का विकास अलग-अगल तरीके से होता है। वे अपने अलग-अलग अनुभवों से सीखते हैं। कहीं ऐसा न हो कि हर बात पर बेवजह की तुलना बच्चों में आपस में मतभेद पैदा कर दें। बेशक आपके पास कई जिम्मेदारियां हैं, जिनसे कभी-कभी आप परेशान हो जाते होंगे और अकेला रहना चाहते होंगे लेकिन आपका बच्चा आपकी परेशानियों से बिल्कुल अनजान है। ऐसे में उससे ऐसा कहना उसके मन पर विपरीत प्रभाव डाल सकता है।ऐसा कहना बच्चे तो क्या किसी बड़े को भी काफी आहत कर सकता है। ऐसे में बच्चों से ऐसा कहना बिल्कुल ठीक नहीं है।

# इस कारण बच्चों को नहीं लगती भूख



बच्चों को खाना-खिलाना कोई आसान काम नहीं है। हर चीज को लेकर उनकी आना-कानी माता-पिता के लिए परेशानी बन जाती है क्योंकि वे इस बात को अच्छी तरह जानते हैं कि उनके लिए पोषण कितना ज्यादा जरूरी है। वहीं, बच्चे भूख न लगने की बात कहकर खाना टाल लेते हैं पर अगर बच्चा खाना नहीं खा रहा तो इसके पीछे कुछ कारण भी हो सकते हैं।

## पेट के कीड़े

जब बच्चे के पेट में कीड़े होते हैं तो उन्हें भूख नहीं लगती। कई बार तो इससे दस्त, सूजन, कमजोरी और पोषण की कमी होने लगती है। इस बात पर ध्यान देना बहुत जरूरी है।

## एनीमिया

शरीर में एनीमिया की कमी होने पर चिड़चिड़ापन,कमजोरी और थकान जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। जिससे बच्चे का खाना खाने का मन नहीं करता। बच्चे के डांटने की बजाए उसके पोषण पर ध्यान दें।

## कब्ज

पेट से जुड़ी परेशानियां भी भूख न लगने का कारण बनती हैं। कब्ज भी इसका संकेत है। पाचन क्रिया की गड़बड़ी के कारण पेट साफ नहीं हो सकता, जिससे बच्चा खाना नहीं खा पाता। जब आंत साफ होती है तो धीरे-धीरे बच्चे की भूख में भी सुधार आने लगता है।

## अवसाद

अवसाद यानि तनाव का शिकार सिर्फ बड़े ही नहीं बल्कि बच्चे भी हो जाते हैं। भूख न लगने का यह भी एक हिस्सा है। तनावग्रस्त बच्चों को भूख नहीं लगती।

## दवाओं का सेवन

बच्चा ज्यादादेर तक किसी प्रकार की दवाइयों का सेवन कर रहा हो तब भी उसे भूख नहीं लगती। एंटीबायोटिक से बच्चों में भूख की कमी हो सकती है। अगर दवाइयां बंद करने के बाद भी बच्चा भूख महसूस नहीं कर रहा हो डॉक्टरी जांच बहुत जरूरी है।

# बच्चों को ध्यान के लिए करें प्रेरित



आज की हाईटेक और भाग-दौड़ भरी जिंदगी में बड़ों के साथ ही बच्चों के लिए भी आंतरिक शांति बहुत जरूरी हो जाती है क्योंकि बच्चे भी अब तनाव और व्यस्त जीवनशैली का शिकार हो रहे हैं। बच्चे अपने अभिभावकों और जिस माहौल में रहते हैं, वहां की ऊर्जा ग्रहण करते हैं। इस कारण वह पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाते। हम सभी अपने बच्चों को प्यार करते हैं और उनके लिए बेहतर करना चाहते हैं। इसलिए हमें उन्हें मेडिटेशन के लिए प्रेरित करना चाहिये। यह हमें मौजूदा समय में रहने की शिक्षा देता है, ताकि हम प्रयास करने के बेहतर प्रबंध के साथ अच्छे समय का आनंद उठा सकें। यह हमें हमारे सच्चे भाव के साथ जुड़े रहने में मदद करता है। ध्यान हमारी एकाग्रता और स्मरणशक्ति को बढ़ाने में मदद करता है।

इसलिए स्कूल, परिवार व आंतरिक दबाव की दुनिया में बच्चों को वयस्कों जितना ही मेडिटेशन की जरूरत है। मेडिटेशन बच्चों में ध्यान विकसित करने, उन्हें अपनी भावनाओं पर काबू रखने और यह सिखाने में कि कैसे अपने अंदर और बाहर ध्यान देना है, में मदद करता है। यह उनमें केंद्र का भाव उत्पन्न करता है।

बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार मेडिटेशन जैसे सोल रिवाइवल (आत्मा पुनरुद्धार) उन्हें एकाग्र करने में मदद करते हैं, ताकि वे अपने अध्ययन में अच्छी तरह ध्यान लगा सकें. इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि मेडिटेशन ने छात्रों के अकादमिक और खेल के क्षेत्र में प्रदर्शन में सुधार लाने में मदद की है।

# बच्चों को इन जरुरी स्किल्स की जानकारी दें



**आज की दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इतनी तेज़ी से बढ़ रही है कि आने वाले कुछ सालों में कई नौकरियां पूरी तरह बदल जाएंगी। ऐसे में माता-पिता के लिए ज़रूरी है कि वे अपने बच्चों को सिर्फ़ अच्छे मार्क्स नहीं, बल्कि ऐसी स्किल्स सिखाएं जो मशीनें नहीं सीख सकतीं। जानिए ये ज़रूरी जॉब स्किल्स जो हर पैरेंट को अपने टीनेज बच्चों को सिखानी चाहिए, ताकि वे भविष्य के करियर में सफल रह सकें।**

क्रिटिकल थिंकिंग - सोचने और सवाल करने की कलाएआई डेटा से फैसले ले सकता है, लेकिन सोचने, तर्क करने और सही-गलत समझने की क्षमता सिर्फ इंसानों के पास होती है।बच्चों को सिखाएँ कि वे हर जानकारी पर आंख मूंदकर भरोसा न करें, अपने से सवाल करें।

कम्युनिकेशन और इमोशनल इंटेलिजेंस: एआई चैट कर सकता है, लेकिन भावनाएं समझ नहीं सकता। भविष्य में जो इंसान दूसरों से जुड़ना, टीम में काम करना और सहानुभूति दिखाना जानता है, वही आगे बढ़ेगा। बच्चों को सिखाएं कि वे दूसरों की बात ध्यान से सुनें, अपनी भावनाएं साफ़ और सम्मानजनक तरीके से व्यक्त करें, दूसरों की स्थिति को समझने की कोशिश करें।

क्रिएटिविटी और प्रॉब्लम सॉल्विंग: पुराने डेटा पर चलता है, लेकिन नई सोच और नए आइडिया इंसानों से ही आते हैं। क्रिएटिव बच्चे हर बदलते दौर में अपने लिए नए मौके बना लेते हैं।

बच्चों को सिखाएं कि वे असफलता से डरें नहीं, बल्कि उससे सीखें, हर समस्या को एक 'पज़ल' की तरह देखें,कला, संगीत, डिजाइन या इनोवेशन जैसे क्षेत्रों में अपनी रुचि आज़माएं। उन्हें घर के छोटे प्रोजेक्ट्स सुलझाने का मौका दें।

# बच्चों को अनुशासन सिखाने सख्ती बरतना भी जरुरी

**बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए उनमें अनुशासन का भाग जगाना भी जरुरी है। इसलिए उसे प्यार देने के साथ ही थोड़ी बहुत सख्ती भी जरुरी है। इससे बच्चा सही और गलत का अंतर कर सकता है। इसलिए बच्चा अगर कभी भी अनुशासन तोड़ता है तो उसके सजा देना भी जरुरी है ताकि वह अपनी गलती समझ सके। हां यह सजा ज्यादा कठिन नहीं होनी चाहिये। यदि आप चाहते हैं कि बच्चे के साथ संबंध बेहतर बनाए रहते हुये, संयम के साथ, कैसे उसे अनुशासित किया जाये, तो बस आपको कुछ अपाय करने होंगे।**



अपने बच्चे को स्वाभाविक परिणामों के बारे में शिक्षा दीजिये। अपने बच्चे को उसके बुरे व्यवहार के स्वाभाविक परिणामों के संबंध में समझा कर आप उससे होनी वाली निराशा की जानकारी दे सकते हैं और उसे बता सकते हैं कि उसका बुरा व्यवहार उसे दुखी कर सकता है जिससे उसे पछतावा होगा। कठिन परिस्थितियों में से उसे निकालने के स्थान पर, बच्चे को उसके नकारात्मक कृत्यों से स्वयं ही निबटने दीजिये। स्वाभाविक परिणामों को समझने के लिए, बच्चे को कम से कम छः वर्ष का होना चाहिए।

यदि बच्चा कोई खिलौना तोड़ देता है या वह उसे धूप में छोड़ कर नष्ट कर देता है, तब एकदम उसे नया खिलौना मत दिलवाइए। बच्चे को कुछ समय तक बिना खिलौने के रहने दीजिये, और उससे बच्चा अपनी चीजों की ठीक से देखभाल करना सीख जाएगा। बच्चे को ज़िम्मेदारी की शिक्षा दीजिये। यदि बच्चा अपना गृहकार्य टीवी देखने के कारण नहीं कर पाया है तो उसका गृहकार्य पूरा कराने में उसकी मदद करने के स्थान पर, बच्चे को बुरे ग्रेड से उत्पन्न होने वाली निराशा का सामना करने दीजिये।

यदि बच्चे को अपने बुरे व्यवहार के कारण किसी पार्टी में नहीं निमंत्रित किया गया है, तब उसे यह समझ में आने दीजिये कि यदि उसका व्यवहार उस बच्चे के साथ कुछ और होता तब उसे निमंत्रित किया जा सकता था।

अपने बच्चे को तर्कसंगत परिणामों की शिक्षा दीजिये। तर्कसंगत परिणाम वे परिणाम होते हैं जो आप के अनुसार बच्चे के बुरे व्यवहार के परिणामस्वरूप उत्पन्न होंगे। इनको सीधे सीधे बच्चे के व्यवहार से सम्बद्ध होना चाहिए ताकि बच्चा, भविष्य में उनको नहीं करने की शिक्षा प्राप्त कर सके। हर प्रकार के बुरे व्यवहार का तर्कसंगत परिणाम होना चाहिए, और परिणाम समय से पहले ही बता दिये जाने चाहिए।

यदि बच्चा अपने खिलौने संभाल कर नहीं रखता है तब उसे एक सप्ताह तक खिलौने न दें।

यदि आप बच्चे को टी वी पर कुछ गैरजरुरी कार्यक्रम देखते हुये पाएँ तो एक सप्ताह के लिए टी वी की सुविधा बंद कर दीजिये।

यदि बच्चा अच्छा व्यवहार नहीं करता तो उसे अपने मित्रों के साथ मत खेलने जाने दीजिये। इससे उसे सबक मिलेगा।

**अपने बच्चे को सकारात्मक अनुशासन विधियों की शिक्षा दीजिये:** सकारात्मक अनुशासन बच्चे के साथ कार्य की ऐसी विधि है, जिसके अनुसार इस प्रकार के सकारात्मक निष्कर्ष पर पहुँचने में सहायता मिलती है जिससे कि बच्चा समझ सके कि बुरे व्यवहार के परिणाम क्या होंगे और वह भविष्य में उनसे बच सके। बच्चे को सकारात्मक रूप से अनुशासित करने के लिए आपको बच्चे के साथ बैठ कर उसके बुरे व्यवहार के संबंध में चर्चा करनी चाहिए और क्या क्या जा सकता है इस पर विचार करना चाहिए।

**बच्चे को पुरस्कृत करने की प्रणाली भी निर्धारित करिए:** पुरस्कृत करने की पद्धति भी निर्धारित की जानी चाहिए, ताकि सकारात्मक व्यवहार के सकारात्मक परिणाम भी हो सकें। भूलिए मत कि अच्छे व्यवहार को सुदृढ़ करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना बुरे व्यवहार को अनुशासित करना। बच्चे को यह दिखाने से कि, ठीक व्यवहार कैसे किया जा सकता है, उसको यह समझने में सहायता मिलेगी कि उसे क्या नहीं करना चाहिए।

**भाषण न दें: ये** पद्धतियाँ न केवल प्रभावहीन होती हैं, बल्कि इनके कारण आपका बच्चा आपसे नाराज़ हो कर आपकी उपेक्षा भी कर सकता है तथा आपके शब्दों और कृत्यों से उसे मानसिक और शारीरिक आघात भी लग सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### टीसीएस और सोल्यूजेनिक क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**इंदौर।** इंदौर सॉफ्टवेयर एसोसिएशन (आईएसए) द्वारा यशवंत क्लब में आयोजित क्रिकेट लीग के चौथे दिन रोमांचक मुकाबलों के बीच ग्रुप ए से टीसीएस और सोल्यूजेनिक ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टूर्नामेंट की शुरुआत बेहद उत्साहपूर्ण रही, जहां आईटी समुदाय की विभिन्न टीमों ने खेल भावना और आपसी तालमेल का शानदार परिचय दिया। आईएसए प्रबंधन के सचिन साबू और स्वप्निल बंसल ने बताया कि प्रतियोगिता के निर्णायक चरण यानी क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले 01 मार्च को यशवंत क्लब में ही खेले जाएंगे। इस समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव उपस्थित रहेंगे।

### जम्मू-कश्मीर पहली बार रणजी चैंपियन बना

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी में इतिहास रच दिया है। टीम ने पहली बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जीत लिया है। जम्मू कश्मीर ने 24 फरवरी को टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 584 रन बनाए थे। इसके बाद उन्होंने कर्नाटक को 29× रन पर ऑल आउट कर दिया था। दूसरी पारी में जम्मू कश्मीर ने 4 विकेट पर ×42 रन बनाए और पारी डिक्लेयर कर दी। पहली पारी में मिली बढ़त की आधार पर जम्मू कश्मीर की टीम को विजेता घोषित किया गया। टीम ने 8 बार की विजेता कर्नाटक को हराया है। जम्मू-कश्मीर ने 5वें और आखिरी दिन 186/4 के स्कोर से खेलना शुरू किया। कामरान इकबाल ने शतक लगाया और टीम को 200 के पार पहुंचा दिया।

### दक्षिण अफ्रीका की जीत की लय पर जिम्बाब्वे की चुनौती

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर-8 चरण में रविवार दोपहर नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका जिम्बाब्वे आमने-सामने होंगी। प्रोटियाज अपनी अजेय लय को सात मैचों तक बढ़ाना चाहेंगे, जबकि जिम्बाब्वे टूर्नामेंट का समापन सम्मानजनक तरीके से करना चाहेगा। दक्षिण अफ्रीका इस वर्ल्ड कप में अब तक अपने सभी छह मुकाबले जीत चुका है और 10 के नेट रन रेट के साथ सबसे दमदार टीम के रूप में उभरा है। टीम अगर जिम्बाब्वे को मात देती है, तो यह टी20 प्रारूप में उसकी दूसरी सबसे लंबी जीत की श्रृंखला बन जाएगी। कप्तान एडन मार्रक्रम बेहतरीन फॉर्म में हैं। वे 178 की स्ट्राइक रेट से 264 रन बना चुके हैं, जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं।

# एलएनसीटी ग्रुप के आईसीएआई एवं अनूपम इनक्यूबेशन सेंटर ने मिटी जेनेसिस समर्थित 6 स्टार्टअप्स को दी फंडिंग'

**भोपाल ■ निसं**

'स्टार्टअप कॉन्क्लेव 2026 – द ट्रस्टेड ब्रिज' के अंतर्गत आईसीएआई भोपाल शाखा और अनूपम इनोवेशन एवं इनक्यूबेशन सेंटर के संयुक्त प्रयास से मिटी जेनेसिस योजना के तहत समर्थित 6 नवउद्यमों को अनुदान प्रदान किया गया। यह पहल स्थानीय नवाचार को स्थानीय पूंजी से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

कॉन्क्लेव में 150 से अधिक नवउद्यमों ने आवेदन किया था, जिनमें से 50 का चयन किया गया और शीर्ष 15 को उच्च निवल मूल्य निवेशकों एवं चार्टर्ड लेखाकार समुदाय के समक्ष अंतिम प्रस्तुतीकरण का अवसर मिला। अनूपम एवं कलचुरी इनक्यूबेशन सेंटर द्वारा संवर्धित 'तीर्थ घूमो' सहित कई नवउद्यमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**ऑगमेंट संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत दो नवउद्यम**

फाइंडन इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड (संस्थापक: करण एवं दीति) तथा पटेल एग्रो प्रोडक्ट्स एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (ग्रो बायो/किसानवन) (संस्थापक: अभिषेक पटेल) –

को 10-10 लाख का उद्यमी आवासीय अनुदान प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त ऑगमेंट संवर्धन कार्यक्रम 2.0 के अंतर्गत चार नवउद्यम –




पापापेट (कार्तिक गाडेकर), क्यूरेओ (डॉ. पंकज सिंह), डीजीलॉग डिलीवरी सर्विसेज (नताशा एवं अमित भटनागर) तथा मैजिकबोल्ट एआई (यश सोनी) – को 5-5 लाख की अनुदान राशि प्रदान की गई।

यह पहल दर्शाती है कि सशक्त मार्गदर्शन, वित्तीय परामर्श और निवेशकों के सहयोग से क्षेत्रीय स्तर पर भी सुदृढ़ नवउद्यम पारितंत्र विकसित किया जा सकता है। भोपाल में अब नवाचार को स्थानीय स्तर पर ही पूंजी और मार्गदर्शन मिल रहा है, जो प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति देने में सहायक सिद्ध होगा।

## भारत बनाम वेस्टइंडीज
# सेमीफाइनल की राह तय करेगा कोलकाता का महामुकाबला, मौसम देगा पूरा साथ

**कोलकाता, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 का सबसे अहम मुकाबला 1 मार्च को कोलकाता के ईडन गार्डन में खेला जाएगा, जहां भारत और वेस्टइंडीज के बीच विजेता ही सेमीफाइनल में पहुंचेगा। यह मैच किसी क्वार्टरफाइनल से कम नहीं माना जा रहा है क्योंकि दोनों टीमों के पास आगे बढ़ने का यही आखिरी मौका है। भारत ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 72 रनों की दमदार जीत के साथ अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है। अब टीम इंडिया को शाई होप की अगुवाई वाली वेस्टइंडीज को हराना अनिवार्य है। दूसरी ओर वेस्टइंडीज भी जीत के साथ सीधे सेमीफाइनल में प्रवेश कर सकती है, जिससे मुकाबला और भी रोमांचक बन गया है।

मुकाबला रविवार शाम 7 बजे शुरू होगा, जबकि टॉस 6:30 बजे होगा। ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स इस हाई-वोल्टेज मैच का गवाह बनने जा रहा है। फैंस के मन में सबसे बड़ा सवाल मौसम को लेकर है क्या बारिश मैच बिगाड़ सकती है? शुरुआती रिपोर्ट्स के अनुसार, राहत की खबर है कि 1 मार्च को कोलकाता में बारिश की कोई संभावना नहीं है। मैच के दौरान आसमान साफ रहने की उम्मीद है। दिन में तापमान लगभग 34 डिग्री सेल्सियस तक और शाम को 25-26 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। कुल मिलाकर मौसम क्रिकेट के लिए आदर्श माना जा रहा है और फैंस को पूरे 40 ओवर का खेल देखने को मिल सकता है। हालांकि बारिश की संभावना कम है, लेकिन यदि मैच किसी कारणवश रद्द होता है तो स्थिति दिलचस्प हो जाएगी। फिलहाल दोनों टीमों के पास 2-2 अंक हैं। मैच रद्द होने पर दोनों को एक-एक अंक मिलेगा और अंक तीन हो जाएंगे। ऐसी स्थिति में बेहतर नेट रन रेट होने के कारण वेस्टइंडीज सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकती है, जिससे भारत का सफर यहीं समाप्त हो सकता है। ऐसे में भारत को न सिर्फ जीत, बल्कि मौसम के पूरी तरह साथ देने की भी उम्मीद रहेगी। अब देखना है कि ईडन गार्डन्स में कौन सी टीम अपना 'करो या मरो' मुकाबला जीतकर अंतिम-चार में जगह बनाती है।

# पैरा नेशनल टेबल टेनिस - विश्व नंबर-2 भाविना और सोनल पटेल बनीं राष्ट्रीय चैंपियन

**इंदौर ■ निसं**

मध्य प्रदेश की खेल राजधानी इंदौर के अभय प्रशाल में आयोजित यूटीटी पैरा नेशनल टेबल टेनिस स्पर्धा का शनिवार को अत्यंत रोमांचक समापन हुआ। टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त ओलंपिक पदक विजेता भाविना पटेल और सोनल पटेल के साथ हितेश डोलवानी, नितीश वाई, कुणाल अरोड़ा, शिवम पाल, नतानिया जैन और जमानी नूरजहाँ ने अपने-अपने वर्गों में स्वर्णिम सफलता प्राप्त कर राष्ट्रीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। विश्व रैंकिंग में नंबर-2 स्थान रखने वाली टोक्यो पैरा ओलंपिक की रजत पदक विजेता भाविना पटेल ने महिला क्लास 4-5 के खिताबी मुकाबले में तेलंगाना की विजया दीपिका को 3-2 से पराजित किया, वहीं विश्व की 7वें नंबर की खिलाड़ी सोनल पटेल (गुजरात) ने क्लास 3 के फाइनल में चंडीगढ़ की विद्या कुमारी को 3-0 से शिकस्त देकर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की।




पुरुषों के वर्गों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले दिग्गजों ने शानदार प्रदर्शन किया। क्लास 10 के फाइनल में विश्व रैंकिंग 41 वाले हितेश डोलवानी (तेलंगाना) ने महाराष्ट्र के विश्व तांबे को 3-1 से हराकर खिताब जीता। क्लास 9 में नितीश वाई (तमिलनाडु) ने महाराष्ट्र के दत्तप्रसाद चौगुले को 3-2 के कड़े संघर्ष में मात दी। क्लास 8 में उत्तर प्रदेश के कुणाल अरोड़ा ने कर्नाटक के अजय जी.वी. को 3-1 से पराजित किया और क्लास 7 में शिवम पाल (उत्तर प्रदेश) ने मध्य प्रदेश के हर्ष त्रिवेदी को 3-0 से शिकस्त दी। इसी प्रकार क्लास 6 में विकास ठाकुर (गुजरात) ने यजदी भामगरा (गुजरात) को 3-0 से, क्लास 4-5 में सुमित सहगल (हरियाणा) ने त्रिवेंद्र सिंह (उत्तर प्रदेश) को 3-1 से और क्लास 3 में शुभम वाधवा (पंजाब) ने मधु राम (राजस्थान) को 3-0 से हराया। क्लास 2 में जगन्नाथ हम्मे (कर्नाटक) ने अविनाश गोपीनाथन (तमिलनाडु) को 3-1 से और क्लास 1 में विश्व रैंकिंग 16 वाले जे.डी. मदान (तमिलनाडु) ने मयंक श्रीवास्तव (उत्तर प्रदेश) को 3-0 से हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

# पारंपरिक खेल कबड्डी में सांवेर और पिट्ठू में इंदौर चैंपियन

**इंदौर ■ निसं**



जिला पंचायत इंदौर द्वारा भारतीय पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत शनिवार को एक दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। रामबाग स्थित मल्हार सांदीपनि आश्रम में आयोजित इस स्पर्धा में जिले के चारों विकासखंडों – इंदौर, महू, सांवेर और देपालपुर की टीमों ने कबड्डी और पिट्ठू (सितौलिया) में अपना कौशल दिखाया।

कबड्डी स्पर्धा में सांवेर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि देपालपुर द्वितीय और महू तृतीय स्थान पर रही। पिट्ठू प्रतियोगिता में इंदौर की टीम विजेता बनी, सांवेर ने द्वितीय और देपालपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विजेता टीमों को जिला पंचायत अध्यक्ष रीना सतीश मालवीय एवं सीईओ सिद्धार्थ जैन द्वारा प्रशस्ति पत्र और शील्ड प्रदान की गई। प्रथम स्थान प्राप्त टीम को 21,000, द्वितीय को 11,000 और तृतीय को 5,100 रुपये की नकद राशि पुरस्कार स्वरूप दी गई।

सीईओ सिद्धार्थ जैन ने ग्रामीण खेलों को लोकप्रिय बनाने के लिए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की निरंतरता की बात कही। इस अवसर पर सफल आयोजन के लिए जिला कार्यक्रम प्रबंधक आकांक्षा सक्सेना और रिंकी रावत सहित जनपद समन्वयकों की सराहना की गई। कार्यक्रम का समापन सामूहिक भोज और खिलाड़ियों के सम्मान के साथ हुआ।



## विदेशी निवेश में 18 फीसदी उछाल, प्रति व्यक्ति आय में इजाफा
# राष्ट्रीय आय में भी हुई 10.2% की वृद्धि

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

देश में प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय वर्तमान में 1,92,774 रुपये आंकी गई है। शुद्ध राष्ट्रीय आय 271.44 लाख करोड़ रुपये है। यही नहीं, बचत के मोर्चे पर मजबूती दिखी है। इस कारण निवेश और पूंजी निर्माण के लिए घरेलू संसाधन आधार मजबूत हुआ है। आने वाले वक्त में कई देशों के साथ हुए व्यापार समझौते व घरेलू मांग के कारण निर्माण में बढ़ोतरी होगी। उपभोग व निर्यात में भी उछाल आने के आसार हैं। जीडीपी के नवीनतम संशोधित आंकड़ों के मुताबिक, वर्तमान मूल्यों पर प्रति व्यक्ति निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई) वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के लिए क्रमश: 1,07,910 रुपये 1,17,356 रुपये और 1,27,627 रुपये आंका गया। वर्ष 2024-25 में वर्तमान मूल्यों पर शुद्ध राष्ट्रीय आय 271.44 लाख करोड़ है। यह 2023-24 के 246.25 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 10.2% की वृद्धि दर्शाती है। जबकि 2023-24 में यह वृद्धि दर 11.6% थी।

देश में प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय वर्ष 2022-23, 2023-24 के लिए क्रमश: 1,59,557 रुपये व 1,76,465 रुपये है। जहां तक बचत की बात है, तो वर्ष 2024-25 में सकल बचत 111.13 लाख करोड़ रुपये थी। 2024-25 में सकल बचत में प्रमुख हिस्सेदारी घरेलू क्षेत्र की 62.1% तथा गैर-



वित्तीय निगमों की 28.9% है। वर्ष 2024-25 में वास्तविक सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में वृद्धि मुख्यत: विनिर्माण, खनन, निर्माण, वित्तीय सेवाएं तथा रियल एस्टेट, आवास स्वामित्व एवं व्यावसायिक सेवाओं में वृद्धि के कारण हुई। वर्तमान कीमतों पर सरकारी अंतिम उपभोग व्यय (जीएफसीई) का अनुमान 2024-25 के लिए 33.95 लाख करोड़ रुपये है, जबकि वर्ष 2023-24 में यह 30.74 लाख करोड़ रुपये था।

वास्तविक जीडीपी 322.58 लाख करोड़ का अनुमान: वास्तविक जीडीपी या स्थिर कीमतों पर जीडीपी का स्तर वित्त वर्ष 2025-26 में 322.58 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी का प्रथम संशोधित अनुमान (एफआरई) 299.89 लाख करोड़ रुपये था।

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में 18 फीसदी उछाल: वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-दिसंबर अवधि में देश में 18 फीसदी अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआइ) आया।?एफडीआई प्रवाह का यह आंकड़ा बताता है कि वैश्विक बाजार में चुनौतियों और कई देशों में तनाव के बीच विदेशी निवेशकों में भारत को लेकर भरोसा कामय है। सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल-दिसंबर, 2025 में देश में 47.87 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी आया, जो सालाना आधार पर 18 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है।?

वित्त वर्ष 2024-25 की समान अवधि में देश में 40.67 अरब डॉलर का एफडीआई आया था। 2025-26 के पहले नौ महीनों में देश कुल 73.31 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेश आया, जिसमें पुनर्निवेश आय भी शामिल है। अप्रैल-दिसंबर अवधि के दौरान सिंगापुर से सबसे ज्यादा एफडीआई आया, जबकि अमेरिका इस मामले में दूसरे स्थान पर रहा। उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्तूबर-दिसंबर) में देश में 12.69 अरब डॉलर का एफडीआई आया, जो सालाना आधार पर 16.6 फीसदी अधिक है। एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 10.88 अरब डॉलर था।

## क्रेडिट कार्ड नियमों में संभावित बदलाव 1 अप्रैल से
# क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट को पहचान और पते के प्रमाण के रूप में स्वीकार करने पर विचार

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

क्रेडिट कार्ड अब आम लोगों की रोजमर्रा की जरूरत बन चुके हैं। खरीदारी, यात्रा, ऑनलाइन बिल और टैक्स भुगतान में उनका उपयोग तेजी से बढ़ा है। 1 अप्रैल से इन कार्डों से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण नियमों में बदलाव हो सकते हैं, जो सीधे उपयोगकर्ताओं को प्रभावित करेंगे। नए नियमों के तहत सालभर में किए गए बड़े भुगतान पर विशेष नजर रखी जा सकती है। यदि कोई निर्धारित सीमा से अधिक क्रेडिट कार्ड बिल जमा करता है, तो इसकी जानकारी संबंधित विभाग को दी जा सकती है। इसका उद्देश्य वित्तीय लेन-देन में पारदर्शिता और अनियमित गतिविधियों पर नियंत्रण रखना है। डिजिटल और नकद भुगतान के लिए अलग-अलग सीमा तय की जा सकती है। तय सीमा से अधिक नकद जमा करने पर इसकी रिपोर्टिंग अनिवार्य हो सकती है। इससे बड़ी रकम




को बिना रिकॉर्ड के चुकाना मुश्किल होगा और नकद भुगतान करने वालों को पहले से योजना बनानी होगी। क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट को पहचान और पते के प्रमाण के रूप में स्वीकार करने पर विचार किया जा रहा है। यह नए कार्ड आवेदन या अपडेट के समय लोगों को अतिरिक्त विकल्प देगा, खासकर उनके लिए जिनके पास सीमित दस्तावेज हैं। सरकार कार्ड को टैक्स और जीएसटी भुगतान के लिए आधिकारिक इलेक्ट्रॉनिक माध्यम बनाने की तैयारी कर रही है। हालांकि प्रोसेसिंग शुल्क लग सकता है। कंपनियों द्वारा दिए गए कॉर्पोरेट कार्ड पर भी खर्च का पूरा रिकॉर्ड रखना और निजी व ऑफिस खर्च अलग दिखाना अनिवार्य हो सकता है। नए कार्ड के लिए पैन नंबर अनिवार्य हो सकता है। कार्डधारकों को बड़े लेन-देन की सीमा, नकद भुगतान नियम, प्रोसेसिंग फीस और खर्च का रिकॉर्ड ध्यान से रखना चाहिए।

### भारतीय शेयर बाजार में इस सप्ताह मिलाजुला रुझान देखा गया

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार ने इस सप्ताह मिश्रित रुझान दिखाया, जिसमें शुरुआती मजबूती के बाद मध्य और अंत में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। बाजार के जानकारों का कहना है ?कि वैश्विक बाजार के कमजोर संकेतों और बढ़ते भू-राजनीतिक जोखिमों के बीच भारतीय बाजारों में स्थिरता बनी रही, निवेशकों का नजरिया तेजी से सतर्क हो गया। पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच जारी संघर्ष ने भी बाजार में अनिश्चितता पैदा कर दी है। इस तनाव की वजह से निवेशकों का भरोसा डगमगाया है। ?जिससे सप्ताह के आ?खिर में शेयर बाजार में एक फीसदी से अ?धिक की ?गिरावट देखी गई। सप्ताह की शुरुआत सोमवार को हरे निशान से हुई, जब वैश्विक बाजारों में तेजी और बैंक एवं सेवा क्षेत्र में खरीदारी के चलते प्रमुख सूचकांक बढ़त के साथ खुले।

### पीपीएफ में एक व्यक्ति अपने नाम पर खोल सकता है केवल एक खाता

**नई दिल्ली।** पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) भारत में सबसे भरोसेमंद बचत योजनाओं में से एक है। वित्त मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय बचत संस्थान के नियमों के अनुसार एक व्यक्ति अपने नाम पर केवल एक ही पीपीएफ खाता खोल सकता है। यह खाता बैंक में हो या डाकघर में, फर्क नहीं पड़ता। संयुक्त खाते की अनुमति भी नहीं है। अगर किसी के नाम पर एक से अधिक खाते पाए जाते हैं, तो अतिरिक्त खाते को अनियमित माना जा सकता है और उसमें जमा राशि बिना ब्याज के वापस की जा सकती है। पीपीएफ खाते व्यक्ति के पैन नंबर से लिंक होते हैं। इसलिए अलग-अलग बैंक या डाकघर में खाते खोलकर अधिक टैक्स फायदा लेने की कोशिश सिस्टम में पकड़ी जा सकती है।

# भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा छात्रों के साथ कॉरपोरेट संवाद चर्चा

**भोपाल ■ निसं**

जेएनसीटी एवं भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन के सहयोग से स्टूडेंट चैप्टर के अंतर्गत एलीट वॉक 2026 का सफल आयोजन किया, जिसमें छात्रों के साथ एक रोचक प्रश्नोत्तर सत्र एवं कॉर्पोरेट संवाद चर्चा की गई

बीएमए की संयुक्त सचिव डॉ. निष्ठा त्यागी पचौरी ने प्रतिभागियों से संवाद करते हुए अपने मूल्यवान अनुभव और उद्योग संबंधी दृष्टिकोण साझा किए ओर छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया इस अवसर पर कुलपति डॉ मीतू सिंग




विभाग प्रमुख डॉ. नेहा शर्मा तथा जेएनसीटी नेतृत्व टीम की गरिमामयी उपस्थिति रही।

यह कार्यक्रम छात्रों में आत्मविश्वास, कॉर्पोरेट तैयारी और सार्थक संवाद को प्रोत्साहित करने का एक प्रभावशाली मंच सिद्ध हुआ।

# सैमसंग इंडिया ने लॉन्च की अपनी सबसे एडवांस्ड एआई फोन सीरीज़–गैलेक्सी S26, शानदार ऑफर्स के साथ प्री-ऑर्डर शुरू

**गुरुग्राम ■ एजेंसी**

भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने घोषणा की है कि उसकी बहुप्रतीक्षित गैलेक्सी स्26 सीरीज़ आज से भारत में प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध है। गैलेक्सी स्26 अल्ट्रा, गैलेक्सी स्26+ और गैलेक्सी स्26 अब तक का सबसे आसान और नैचुरल 'एजेंटिक एआई' मोबाइल अनुभव देते हैं। चाहे बात प्लानिंग की हो, जानकारी खोजने की या फिर कंटेंट को कैप्चर और एडिट करने की- गैलेक्सी स्26 सीरीज़ हर काम को इतना आसान बना देती है कि यूजर्स को तकनीक की बारीकियों के बजाय सिर्फ बेहतरीन नतीजों पर ध्यान देना होता है। गैलेक्सी स्26 सीरीज़ को सैमसंग की सबसे बेहतरीन खूबियों-दमदार परफॉर्मेंस, शानदार कैमरा सिस्टम और गैलेक्सी एआई- को मिलाकर तैयार किया गया है। यह तालमेल गैलेक्सी स्26 यूजर्स को सुरक्षा या प्राइवेसी से समझौता किए बिना पूरे दिन



बेधड़क अपने फोन पर निर्भर रहने का भरोसा देता है। डिस्प्ले तकनीक में दशकों के नवाचार को आगे बढ़ाते हुए, सैमसंग ने गैलेक्सी स्26 अल्ट्रा के साथ मोबाइल इंडस्ट्री का पहला इन-बिल्ट प्राइवेसी डिस्प्ले पेश किया है। यह पिक्सेल लेवल पर प्राइवेसी के प्रति सैमसंग की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। गैलेक्सी स्26 अल्ट्रा में कस्टमाइज्ड चिपसेट और पहले से बेहतर थर्मल मैनेजमेंट भी दिया गया है, जो इ को और भी तेज और शक्तिशाली बनाता है - और यह सब अब तक के सबसे स्लिम (7.9 मिमी) अल्ट्रा डिज़ाइन में समाहित है। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ, जेबी पार्क ने कहा, 'गैलेक्सी स्26 सीरीज़ को इस तरह बनाया गया है कि यह लोगों की जीवनशैली और काम करने के तरीके को गहराई से समझ सके। यह 'एजेंटिक एआई' के साथ सैमसंग की एक नई दिशा को दर्शाता है, जो रोजमर्रा के छोटे-मोटे कामों को खुद संभाल लेती है ताकि आप उन चीज़ों पर समय बिता सकें जो वास्तव में मायने रखती हैं-जैसे परिवार के साथ वक्त बिताना, अपनी प्रोडक्टिविटी बढ़ाना और लाइफ के हर पल का मजा लेना। इसके विकास में हमारे बेंगलुरु और नोएडा के रिसर्च सेंटर्स के इंजीनियर्स ने अहम भूमिका निभाई है।

### टाटा संस में चंद्रशेखरन के तीसरे कार्यकाल पर फैसला टला

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के तीसरे कार्यकाल को लेकर निदेशक मंडल ने फैसला टाल दिया। यह बैठक ऐसे समय हुई जब टाटा ट्रस्ट, जो टाटा संस में 66 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है, ने पिछले साल सर्वसम्मति से उन्हें तीसरा कार्यकाल देने की सिफारिश की थी। सूत्रों के अनुसार टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा ने पुनर्नियुक्ति को लेकर कुछ शर्तें रखी थीं, जो इस प्रकार हैं- एयर इंडिया का अधिग्रहण और कंपनी के घाटे को लेकर चिंता, सेमीकंडक्टर और बैटरी उत्पादन जैसे नए क्षेत्रों में भारी पूंजीगत जोखिम, नियामकीय बाध्यता और टाटा संस को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने संबंधी स्पष्ट आश्वासन की मांग।

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल चुनावः कड़ाके की ठंड और बर्फबारी के बीच चीन सीमा पर सुरक्षा में पुलिस गश्त में तेजी

**काठमांडू।** प्रतिनिधि सभा चुनाव के नजदीक आते ही नेपाल पुलिस ने सीमावर्ती क्षेत्रों में गश्त तेज कर दी है। चीन से जुड़ी हुई सीमा पर अभी भी तापमान शून्य से नीचे है। कही-कहीं बर्फबारी भी हो रही है। चीन की सीमा से सटे नाम्खा गाउंपालिका के लिमी लाप्चा क्षेत्र में नेपाल पुलिस ने पैदल गश्त शुरू की है। यह इलाका अत्यंत दुर्गम और संवेदनशील माना जाता है। साथ ही यहां का तापमान इस समय -5 से -9 डिग्री सेल्सियस तक रहता है। जिला पुलिस कार्यालय हुम्ला के अनुसार, प्रहरी सहायक निरीक्षक मंजुल खडका के नेतृत्व में एक टीम को नाम्खा गाउंपालिका-5 और 6 के क्षेत्रीय स्थिति का आकलन करने के लिए पैदल गश्त पर भेजा गया है। डीएसपी शंकर खडका ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि हिल्सा नाका मार्ग से नेपाल पुलिस की टीम लिमी लाप्चा क्षेत्र में पहुंची है। हिल्सा नाका नेपाल-चीन सीमा पर स्थित एक महत्वपूर्ण प्रवेश बिंदु है, जहां से आवाजाही और व्यापारिक गतिविधियां होती हैं। हुम्ला जिला नेपाल के सबसे दूरस्थ और भौगोलिक रूप से चुनौतीपूर्ण जिलों में से एक है। यहां सड़क सुविधा सीमित है और कई स्थानों तक पहुंचने के लिए पैदल मार्ग ही एकमात्र विकल्प है।

### तृणमूल की राज्यसभा चुनाव में सभी वर्गों को साधने की कोशिश

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में राज्यसभा चुनाव 2026 को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। वहीं, सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस ने अपने आधिकारिक संदेश के माध्यम से उच्च सदन के लिए शुक्रवार रात चार उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि हमें यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि राज्य सरकार में मंत्री बाबुल सुप्रियो, राजीव कुमार (पूर्व पुलिस महानिदेशक, पश्चिम बंगाल), वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी और अभिनेत्री कोयल मल्लिक को आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया गया है। हम उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हैं। हमें विश्वास है कि वे तृणमूल कांग्रेस की विचारधारा और राज्य के हितों को संसद में सशक्त रूप से आगे बढ़ाएंगे। घोषित नामों में सबसे अधिक चर्चा पूर्व पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार को लेकर हो रही है। वे लंबे समय तक पश्चिम बंगाल पुलिस के शीर्ष पद पर रहे और उससे पहले कोलकाता पुलिस आयुक्त सहित कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं। प्रशासनिक अनुभव और कानून व्यवस्था पर उनकी पकड़ को देखते हुए पार्टी ने उन्हें उच्च सदन के लिए उपयुक्त चेहरा माना है। उनके नाम की घोषणा के साथ ही यह माना जा रही है कि पार्टी प्रशासनिक अनुभव को संसद में प्रतिनिधित्व देना चाहती है।

### रांची सिविल कोर्ट को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

**रांची।** राजधानी रांची स्थित सिविल अदालत को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिलने से प्रशासनिक और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। शनिवार को ई-मेल के माध्यम से भेजे गए धमकी भरे संदेश में इस बार आरडीएक्स से विस्फोट करने की बात कही गई है। धमकी मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट मोड में आ गईं। सूचना के बाद पुलिस टीम ने अदालत परिसर में सघन तलाशी अभियान शुरू किया। सुरक्षा के मद्देनजर डॉग स्क्वायड और एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) टीम को भी मौके पर बुलाया गया। एहतियातन अदालत के मुख्य प्रवेश द्वार को कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया, जबकि अन्य गेटों पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई। परिसर में आने-जाने वाले लोगों की गहन जांच की गई। कोतवाली पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) प्रकाश सोय ने बताया कि धमकी भरे ई-मेल के स्रोत का पता लगाने के लिए तकनीकी जांच की जा रही है। साथ ही पूरे अदालत परिसर की सुरक्षा जांच जारी है।

### मंच पर दिखेगा रूस और भारत की दोस्ती का 'महा-संगम'

**नई दिल्ली।** रूस का 'कोस्त्रोमा रशियन नेशनल बैले' अपना अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट 'ग्लोबल डांस ओवरचर' को दिल्ली में 2-3 मार्च को आयोजित करेगा। यह आयोजन सिर्फ एक डांस शो नहीं बल्कि दोनों देशों के बीच कला और प्रेम के जरिए दिलों को जोड़ने की एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक पहल है। भारत में रूसी दूतावास के अनुसार यह दो दिवसीय कार्यक्रम दिल्ली के दो प्रमुख स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इनमें संगीत नाटक अकादमी (रवींद्र भवन) में 2 मार्च शाम 4-7 बजे तक रूसी और भारतीय कलाकार कार्यशाला आयोजित करेंगे। इसमें एक-दूसरे को अपनी नृत्य कला सिखाई जाएगी। वहीं 3 मार्च शाम 07:00 बजे कमानी सभागार में रूस का 'वैश्विक नेशनल डांस शो' शुरू होगा। साझे सांस्कृतिक और मानवीय मूल्यों पर आधारित इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य दुनिया भर के लोगों को एक करना, सांस्कृतिक लेन-देन को बढ़ावा देना और सांस्कृतिक रिश्तों को बढ़ावा देना है। यह प्रोजेक्ट खास तौर पर ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका (ब्रिक्स) देशों के बीच सांस्कृतिक रिश्तों को मजबूत करने के लिए बनाया गया है।

### वीबी-जी रामजी कानून को लेकर जनता को भ्रमित कर रही है कांग्रेसः प्रह्लाद जोशी

**हुब्बली।** केंद्रीय खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि वीबी-जी रामजी कानून को लेकर कांग्रेस देश की जनता को भ्रमित कर रही है। इस कानून से अब सभी तरह की अनियमितताओं पर रोक लगेगी। इसी कारण कांग्रेस आपत्ति जता रही है। केंद्रीय खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री जोशी शनिवार को कर्नाटक के हुब्बली स्थित जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में अपना संबोधन दे रहे थे। मंत्री जोशी ने कहा कि पूर्व में मनरेगा में बड़े पैमाने पर अनुदान की सौरियां होती थीं और भ्रष्टाचार व्यापक था।

---

पश्चिम बंगाल में एसआईआर का कार्य पूरा, संशोधित मतदाता सूची हुई जारी

# मतदाताओं का आंकड़ा 7.04 करोड़ के पार, 62 लाख वोटर्स के नाम कटे

**कोलकाता ■ एजेंसी**

पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के समापन के बाद निर्वाचन आयोग ने राज्य की ताजा मतदाता सूची के आंकड़े शनिवार को जारी कर दिए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज कुमार अग्रवाल ने शनिवार को संवाददाताओं को संबोधित करते हुए बताया कि इस गहन संशोधन अभ्यास के बाद राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या अब 7.04 करोड़ हो गई है जो पहले 7.66 करोड़ थी। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत की गई इस कवायद का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिमुक्त और अद्यतन बनाना था।

सीईओ मनोज कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस प्रक्रिया के दौरान बड़े पैमाने पर नामों को जोड़ने और हटाने का कार्य किया गया। जहां एक ओर फॉर्म-6 और फॉर्म-6ए के माध्यम से 1.82 लाख से अधिक नए मतदाताओं के नाम सूची में शामिल किए गए, वहीं दूसरी ओर फॉर्म-7 के तहत कार्रवाई करते हुए 5.46 लाख से अधिक अपात्र नामों को हटाया गया है।

इसके अतिरिक्त, विभाग को पुनरीक्षण के दौरान लगभग 58 लाख गणना फॉर्म प्राप्त नहीं हुए, जिनमें मुख्य रूप से ऐसे मामले शामिल थे जहां मतदाता या तो मृत हो चुके थे, अन्य स्थानों पर स्थानांतरित हो गए थे या जिनके नाम एक से अधिक बार दर्ज (डुप्लिकेट) थे।

एक महत्वपूर्ण तकनीकी बिंदु पर स्पष्टीकरण देते हुए सीईओ ने कहा कि वर्तमान सूची में 60 लाख से अधिक ऐसे मतदाता भी शामिल हैं जो 'अंडर एडज्यूडिकेशन' (विचाराधीन) श्रेणी में रखे गए हैं। हालांकि, उनकी पात्रता की जांच की प्रक्रिया जारी है लेकिन वर्तमान पोस्ट-एसआईआर मतदाता सूची में उन्हें स्थान दिया गया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जोर देकर कहा कि यह पूरी कवायद पूरी तरह से पारदर्शी रही है और इसे भारत निर्वाचन आयोग के सख्त मानकों के अनुरूप ही संपन्न किया गया है।



#### नदिया में 2.71 लाख और बांकुरा में 1.18 लाख नाम घटे

पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद चुनाव आयोग द्वारा चरणबद्ध ढंग से प्रकाशित की जा रही संशोधित मतदाता सूचियों ने विधानसभा चुनाव से पहले बड़े पैमाने पर बदलाव की तस्वीर सामने रखी है। आंकड़ों के अनुसार नदिया जिले में इस प्रक्रिया की शुरुआत से अब तक लगभग 2.71 लाख नाम सूची से हटाए गए हैं, जबकि बांकुड़ा जिले में कुल मिलाकर करीब 1.18 लाख मतदाताओं की कमी दर्ज की गई है। चुनाव आयोग सूत्रों के मुताबिक, उत्तर कोलकाता क्षेत्र में सात विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं और जो वर्तमान में सत्तारूढ़ दल के कब्जे में हैं, वहां पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान लगभग 4.07 लाख नाम हटाए गए। इनमें से लगभग 3.90 लाख नाम प्रारूप सूची के स्तर पर हटाए गए थे, जबकि अंतिम सूची में अतिरिक्त 17 हजार नाम विलोपित किए गए। हालांकि इस क्षेत्र में नए नामों के समावेशन की अंतिम संख्या अभी आधिकारिक रूप से स्पष्ट नहीं की गई है। बांकुड़ा जिले में पुनरीक्षण प्रक्रिया की शुरुआत के समय कुल मतदाता संख्या 30 लाख 33 हजार 830 थी। प्रारूप सूची जारी होने के बाद यह संख्या घटकर 29 लाख एक हजार नौ रह गई। सुनवाई और दस्तावेजों की जांच के अगले चरण में करीब चार हजार और नाम हटाए गए, हालांकि प्रपत्र-6 के तहत कुछ हजार नए नाम जोड़े भी गए। अंतिम सूची में अब मतदाताओं की संख्या लगभग 29.15 लाख है, जो पूरी प्रक्रिया के दौरान करीब 1.18 लाख की शुद्ध कमी को दर्शाती है।

#### ममता बनर्जी के निर्वाचन क्षेत्र भवानीपुर में कटे 47 हजार नाम

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्वाचन क्षेत्र भवानीपुर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) ने राज्य के राजनीतिक गलियारों में भारी हलचल पैदा कर दी है। शनिवार को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची के अनुसार, दक्षिण कोलकाता के इस हाई-प्रोफाइल निर्वाचन क्षेत्र से कुल 47 हजार 94 मतदाताओं के नाम काट दिए गए हैं। इसके अलावा, 14154 मतदाताओं को विचाराधीन श्रेणी में रखा गया है, जिनका भविष्य दस्तावेज सत्यापन के बाद तय होगा। यदि इन विचाराधीन नामों को भी हटा दिया जाता है, तो भवानीपुर के कुल मतदाता आधार में एक बड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है। यह घटनाक्रम राजनीतिक रूप से इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि 2021 के भवानीपुर उपचुनाव में ममता बनर्जी ने करीब 58 हजार मतों के अंतर से जीत हासिल की थी। अब हटाए गए 47 हजार से अधिक नामों की संख्या जीत के उस अंतर के काफी करीब पहुंच गई है, जिससे आगामी चुनाव के समीकरणों में बड़े बदलाव की संभावना जताई जा रही है।

---

# डीयू के दीक्षांत में 1.20 लाख छात्रों को प्रदान की गयी डिग्रियां, उपराष्ट्रपति ने दिया राष्ट्र प्रथम का मंत्र



**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

उपराष्ट्रपति एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को विश्वविद्यालय के 102वें दीक्षांत समारोह में 1,20,408 विद्यार्थियों को डिजिटल डिग्रियां प्रदान कीं। उन्होंने कहा कि डिग्री केवल प्रमाणपत्र नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता है। उन्होंने युवाओं से 'राष्ट्र प्रथम' को जीवन का मार्गदर्शक सिद्धांत बनाने का आह्वान किया।

विश्वविद्यालय के बहुउद्देशीय खेल परिसर में आयोजित समारोह में 734 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि भी प्रदान की गई, जबकि 132 गोल्ड और सिल्वर मेडल तथा पुरस्कार वितरित किए गए। उपराष्ट्रपति ने 10 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को व्यक्तिगत रूप से मेडल प्रदान किए और 'बुक ऑफ हाइलाइट्स' का विमोचन भी किया।

समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय की 104 वर्ष लंबी गौरवशाली यात्रा का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1922 में मात्र तीन कॉलेज, दो संकाय, आठ विभाग और 750 विद्यार्थियों के साथ शुरू हुआ यह संस्थान आज 16 संकायों, 86 विभागों, 90 कॉलेजों, 20 हॉल एवं छात्रावासों, 30 से अधिक केंद्रों एवं संस्थानों, 34 पुस्तकालयों और छह लाख से अधिक विद्यार्थियों के साथ वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान स्थापित कर चुका है।

उन्होंने विश्वविद्यालय की निरंतर बेहतर होती राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उसकी शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में विश्वविद्यालय विश्व के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में और ऊंचा स्थान प्राप्त करेगा।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि दीक्षांत केवल औपचारिक समारोह नहीं, बल्कि जीवन के एक चरण की पूर्णता और दूसरे चरण की शुरुआत है। आज के स्नातक ऐसे समय में नई जिम्मेदारियों की दुनिया में प्रवेश कर रहे हैं, जब प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक लोकतांत्रिक चुनौतियां विश्व व्यवस्था को बदल रही हैं।

उन्होंने कहा, 'डिग्री केवल सर्टिफिकेट नहीं, बल्कि समाज की सेवा करने, राष्ट्र के उत्थान के लिए अपने कौशल का उपयोग करने और राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत को अपनाने की प्रतिबद्धता है।'

---

# नारी शक्ति से राष्ट्र निर्माणः दिल्ली में 7-8 मार्च को 'भारती' महिला विचारक सम्मेलन का आयोजन

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

महिला सशक्तीकरण और राष्ट्र के विकास में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करने के लिए यहां के विज्ञान भवन में 7-8 मार्च को दो दिवसीय राष्ट्रीय महिला विचारक सम्मेलन 'भारती' का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी राष्ट्र सेविका समिति, शरण्या और भारतीय विद्वत परिषद के पदाधिकारियों ने दिल्ली में कस्तूरबा गांधी मार्ग स्थित सिविल सेवा अधिकारी संस्थान में शनिवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी।




इस सम्मेलन का उद्घाटन दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता करेंगी तथा समापन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की उपस्थिति में होगा। इसका आयोजन भारतीय विद्वत परिषद, राष्ट्र सेविका समिति और शरण्या ने संयुक्त रूप से किया है। यह कार्यक्रम 'भारती- नारी से नारायणी' विषय पर आधारित होगा। इसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों की प्रबुद्ध महिलाओं को एक मंच पर लाना और 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार करने में उनके योगदान पर चर्चा करना है। इस सम्मेलन में आठ प्रमुख विषयों पर गहन विमर्श किया जाएगा। इनमें विद्या आत्मनिर्भरता मुक्ति चेतना प्रकृति संस्कृति सिद्धि और कृति शामिल हैं। इसके अलावा मुख्य सत्र पैनल चर्चा विशेषज्ञ शिक्षण सत्र पोस्टर प्रदर्शनी और कलात्मक प्रस्तुतियां शामिल होंगी।

राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख कार्यवाहिका सीता गायत्री ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि दुनिया जहां महिला-पुरुष को प्रतिस्पर्धी मानती है वहीं भारत उन्हें एक-दूसरे का पूरक मानता है। आज समय है कि भारतीय महिलाएं अपने 'मातृत्व' और 'कर्तृत्व' के गुणों के साथ-साथ 'नेतृत्व' के गुण को भी विस्तार दें। इस कार्यक्रम का ध्येय विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं को एकजुट कर उन्हें एक ऐसा मंच प्रदान करना है जहां से वे समाज के नव-निर्माण का नेतृत्व कर सकें।

भारतीय विद्वत परिषद की सचिव प्रो. शिवानी वी ने कहा कि हमने महिलाओं के विकास और शिक्षा से जुड़े 8 खास विषयों को चुना है। इस चर्चा में कानून, शिक्षा, पत्रकारिता और प्रशासन जैसे हर क्षेत्र की अग्रणी महिलाएं जुटेंगी। हमारा मकसद सिर्फ चर्चा करना नहीं बल्कि उन ठोस सुझावों और नए विचारों पर काम करना है जो महिलाओं के भविष्य को संवारने में मददगार साबित हों।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आने के लिए अपनी सहमति दे दी है। बहुत सारे उच्च स्तर के पदों पर जो महिलाएं हैं उन्हें भी इस चर्चा सत्र के लिए बुलाया गया है।

उन्होंने बताया कि सम्मेलन में देशभर से लगभग 1500 महिला विचारक शिरकत कर रही हैं। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों की 200 से अधिक विशेषज्ञ महिलाओं को मुख्य वक्ता और 'चिंतक' के रूप में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा महिला सांसदों विश्वविद्यालय की महिला कुलपतियों और आध्यात्मिक गुरुओं के लिए अलग-अलग खास सत्र भी रखे गए हैं ताकि हर क्षेत्र से अच्छे विचार सामने आ सकें।

## एयर इंडिया की तेल अवीव जा रही उड़ान बीच रास्ते से मुंबई डायवर्ट

**मुंबई ■ एजेंसी**

टाटा की अगुवाई वाली एयरलाइन एयर इंडिया ने शनिवार को अपनी नई दिल्ली-तेल अवीव फ्लाइट को इजरायली हवाई क्षेत्र बंद होने की वजह से बीच रास्ते से मुंबई के लिए डायवर्ट कर दिया गया। इजरायल ने ईरान पर हमले किए हैं, जिसके बाद कुछ हवाई क्षेत्र बंद कर दिए गए हैं।




एयरलाइन ने एक बयान में कहा, '28 फरवरी को नई दिल्ली से तेल अवीव के लिए संचालित फ्लाइट संख्या एआई-139 इजराइल में हवाई क्षेत्र बंद होने और यात्री एवं चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा के लिए भारत लौट रही है। एयर इंडिया की ये फ्लाइट नई दिल्ली से तेल अवीव को जा रही थी। एयर इंडिया ने बढ़ते क्षेत्रीय तनाव का हवाला देते हुए एक मार्च से एक हफ्ते के लिए इजराइल के लिए उड़ानें रोक दी हैं। एयरलाइन के एक अधिकारी ने कहा कि फ्लाइट संख्या एआई-139 को मुंबई डायवर्ट कर दिया गया है। कंपनी ने कहा, 'हम अपने फ्लाइट संचालन के लिए सेफ्टी और सिक्योरिटी माहौल का आकलन करते रहेंगे और जरूरत के हिसाब से ऑपरेशन को पहले से एडजस्ट करेंगे।'

## पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ ने किए बाबा महाकाल के दर्शन, भस्म आरती में हुए शामिल

**उज्जैन।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को उज्जैन पहुंचकर विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के दर्शन किए। उन्होंने करीब दो घंटे तक नंदी हाल में बैठकर भगवान महाकाल का जाप किया और प्रातःकालीन भस्म आरती में सहभागिता कर बाबा महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ तड़के (चार बजे) निर्धारित समय पर महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे।

---

**कार्यालय कलेक्टर (आबकारी), जिला-हरदा (म.प्र.)**

हरदा, दिनांक 25 फरवरी, 2026

-: निविदा सूचना :-

वर्ष 2026-27 हेतु जिला-हरदा की फुटकर बिक्री की मदिरा दुकानों का ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से निष्पादन की निविदा सूचना

सर्वसाधारण एवं आबकारी फुटकर ठेकेदारों की जानकारी के लिये राज्य शासन के आदेशानुसार हरदा जिले की कम्पोजिट मदिरा दुकानों का वर्ष 2026-27 अर्थात दिनांक 01 अप्रेल, 2026 से दिनांक 31 मार्च 2027 तक की अवधि के लिए ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से निष्पादन किया जाना है। इस हेतु आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश, ग्वालियर के ठेका निर्देश पत्र आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश ग्वालियर का ठेका निर्देश पत्र क्रमांक/7-ठेका/2026/E-909579 ग्वालियर, दिनांक 22.02.2026 में उल्लेखित निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में जिले के पांच (5) कम्पोजिट मदिरा दुकानों के समूहों का निम्नानुसार तिथियों को ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला समिति द्वारा निष्पादन किया जायेगा।

निष्पादन के संबंध में नीति निर्देश आबकारी विभाग की वेबसाइट www.excise.mpgov.in से प्राप्त की जा सकती है। कम्पोजिट मदिरा दुकानों का नाम, प्रदर्शित करने वाली सूची, स्थान, उनका आरक्षित मूल्य, जमा की जाने वाली धरोहर राशि, देशी/विदेशी मदिरा की खपत, सेलपेपर एवं शेष अन्य जानकारी NIC के पोर्टल (https://mptenders.gov.in) एवं जिला आबकारी कार्यालय, जिला-हरदा से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) हेतु घोषित निष्पादन कार्यक्रम अनुसार जिले की मदिरा दुकानों के निष्पादन स्थल (कलेक्टोरेट, जिला-हरदा म.प्र.) रहेगा।

ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) प्रथम चरण-बैच 1

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) हेतु ऑनलाइन टेण्डर प्रपत्र डाउन लोड एवं ऑफर सबमिट करने की तिथि | दिनांक 27 फरवरी, 2026 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 02 मार्च, 2026 को दोपहर 02.00 बजे तक |
| 2 | ई-टेण्डर कम ऑक्शन प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 02 मार्च, 2026 को दोपहर 02.05 बजे से |
| 3 | ई-टेण्डर कम ऑक्शन अंतर्गत ऑक्शन प्रारंभ एवं बंद होने की तिथि एवं समय | दिनांक 02 मार्च, 2026 को दोपहर 03.30 बजे से सायं 05.30 बजे तक (तत्पश्चात 15 मिनिट के अंतराल में बोली दिये जाने पर आगामी 15 मिनिट के लिए समयावधि में वृद्धि) |
| 4 | ई-टेण्डर खोलने की तिथि एवं समय | संबंधित समूह का ऑक्शन समाप्त होने अथवा 02 मार्च, 2026 को सायंकाल 06:00 बजे (जो भी बाद में हो) |
| 5 | जिला समिति द्वारा ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से निराकरण किये जाने की तिथि एवं समय | ई-टेण्उर खोलने की प्रक्रिया पूर्ण होने तक |

नोटः- अपरिहार्य परिस्थिति में उपरोक्त कार्यक्रम की तिथियों में परिवर्तन का अधिकार आबकारी आयुक्त, मध्यप्रदेश, ग्वालियर को रहेगा।

टीपः- मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 45 दिनांक 20 फरवरी, 2026 में अंकित आबकारी नीति वर्ष 2026-27 के समस्त प्रावधान लागू होंगे। ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) की तिथियो एवं प्रक्रिया में परिवर्तन का अधिकार आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश, ग्वालियर को रहेगा। ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से निष्पादित होने वाली मदिरा दुकानों के एकल समूह के संबंध में आवश्यक जानकारी, प्रक्रिया, शर्ते एवं निर्बन्धन, जिलेवार ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) सुविधा प्रदाता NIC के पोर्टल (https://mptenders.gov.in) एवं मध्यप्रदेश आबकारी विभाग की वेबसाइट www.excise.mpgov.in से डाउनलोड की जा सकती है। मदिरा दुकानों के निष्पादन हेतु ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) की कार्यवाही में जो व्यक्ति/फर्म/कम्पनी/कंसोर्टियम (Consortium) भाग लेना चाहे वे इस संबंध में उल्लेखित वर्णित प्रक्रिया, शर्तो एवं प्रतिबंधों के अंतर्गत ई-टेंण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) द्वारा NIC के पोर्टल (https://mptenders.gov.in) पर ऑफर दे सकते हैं।

(सिद्धार्थ जैन)
कलेक्टर
जिला-हरदा (म.प्र.)

ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) द्वारा मदिरा दुकानों/समूहों के निष्पादन हेतु सेल पेपर

प्रारूप क्रमांक-चार

| क्र. | मदिरा दुकान समूह का नाम | मदिरा दुकान/समूह का क्रमांक | मदिरा दुकान अथवा समूह में सम्मिलित मदिरा दुकानों का नाम | मदिरा दुकान/समूह का वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित आरक्षित मूल्य | मदिरा दुकान/समूह की वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित वार्षिक लायसेंस फीस (कॉलम नं. 5 का 5 प्रतिशत) | मदिरा दुकान/समूह की वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित प्रत्याभूत ड्यूटी की राशि (5-6) | मदिरा दुकान/समूह की वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित धरोहर राशि (राजपत्र की कण्डिका 8.1) अनुसार | मदिरा दुकान/समूह की वर्ष 2025-26 के प्रारंभिक 9 माह की खपत: देशी/विदेशी मदिरा (प्रूफ लीटर) | मदिरा दुकान/समूह की वर्ष 2025-26 के प्रारंभिक 9 माह की खपत: बीयर (बल्क लीटर) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | टिमरनी | सी-1 | हरदा रोड़ टिमरनी | 172419305 | 8620965 | 163798340 | 6000000 | 186589.49 | 116687.40 |
| | | | सोड़लपुर रोड़ टिमरनी | 156618749 | 7830938 | 148787811 | | 166183.88 | 86630.40 |
| | | | रहटगांव | 90344065 | 4517203 | 85826862 | | 97047.45 | 120933.00 |
| | | | टेमागांव | 50716735 | 2535837 | 48180898 | | 49685.21 | 51858.60 |
| योग:- | | | | 470098854 | 23504943 | 446593911 | 6000000 | 499506.03 | 376109.40 |
| 2 | हरदा | एफ-1 | हरदा क्रमांक-1 | 132580497 | 6629025 | 125951472 | 4500000 | 115369.91 | 79634.52 |
| | | | खेड़ीपुरा हरदा | 81077363 | 4053868 | 77023495 | | 89416.29 | 73329.60 |
| | | | छीपानेर रोड़ हरदा | 107612611 | 5380631 | 102231980 | | 102258.19 | 78823.80 |
| योग:- | | | | 321270471 | 16063524 | 305206947 | 4500000 | 307044.39 | 231787.92 |
| 3 | सिराली | सी-2 | मसनगांव रोड़ सिराली | 77206997 | 3860350 | 73346647 | 3500000 | 77067.10 | 63366.00 |
| | | | चारुवा | 54088948 | 2704447 | 51384501 | | 56660.12 | 47160.00 |
| | | | छीपावड | 50198711 | 2509936 | 47688775 | | 49243.52 | 22878.00 |
| | | | मकड़ाई रोड़ सिराली | 63320032 | 3166002 | 60154030 | | 69466.67 | 51205.20 |
| योग:- | | | | 244814688 | 12240735 | 232573953 | 3500000 | 252437.41 | 184609.20 |
| 4 | हरदा | एफ-2 | हरदा क्रमांक-2 | 103937124 | 5196856 | 98740268 | 3500000 | 98346.79 | 67146.00 |
| | | | नेमावर रोड़ हरदा | 81028649 | 4051433 | 76977216 | | 97827.68 | 68293.20 |
| | | | टिमरनी रोड़ हरदा | 40367560 | 2018378 | 38349182 | | 42894.87 | 32883.60 |
| योग:- | | | | 225333333 | 11266667 | 214066666 | 3500000 | 239069.34 | 168322.80 |
| 5 | खिरकिया | एफ-3 | खिरकिया सिटी | 74241762 | 3712088 | 70529674 | 3000000 | 66671.88 | 45842.40 |
| | | | पोखरनी | 41904733 | 2095237 | 39809496 | | 33259.75 | 21444.00 |
| | | | मांदला | 37431411 | 1871571 | 35559840 | | 40847.61 | 19329.60 |
| | | | चौकड़ी रोड़ खिरकिया | 27879949 | 1393997 | 26485952 | | 32247.02 | 13536.00 |
| योग:- | | | | 181457855 | 9072893 | 172384962 | 3000000 | 173026.26 | 100152.00 |
| महायोग | | | | 1442975201 | 72148762 | 1370826439 | 20500000 | 1471083.43 | 1060981.32 |

जी-26583/25

प्र. जिला आबकारी अधिकारी
जिला-हरदा (म.प्र.)

**कार्यालय नगरपालिका परिषद, सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम् (म.प्र.)**

क्रमांक 318 /न.पा./2026

सिवनी मालवा दिनांक 27/02/2026

**ई-निविदा आमंत्रण**

नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा द्वारा निम्नलिखित कार्यों की ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसकी विस्तृत जानकारी आनलाईन बेबसाईट http://www.mptender.gov.in पर देखी जा सकती है एवं कार्यालय की विद्युत शाखा से अवकाश के दिनों को छोड़कर प्राप्त की जा सकती है।

| टेंडर न... | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा फार्म मूल्य एवं अमानत राशि | निविदा अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2026_UAD_484734_1 | निकाय सिवनी मालवा में निकाय के पोल शिफ्टिंग कार्य, हाईमास्क 300 वाट के लाईट सहित एवं नगर में नया पोल क्लेम कनेक्शन के साथ प्रदाय करने के संबंध में। | 1. 12 माह<br>2. 1500000 | 1. 2000<br>2. 12000 | 02.03.2026 |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
न.पा. सिवनी मालवा

### मध्य प्रदेश में गौ माताएं बहुत ज्यादा घायल एवं भूखी मर रही है

# कलयुग में केवल गौ माता की सेवा से ही हर मनुष्य का कल्याण हो सकता है



नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

मां कामधेनु गौ सेवा संस्थान के प्रदेश सचिव पंडित आकाश कृष्णा भार्गव श्रीमद् भागवत वक्ता एवं ज्योतिष की ज्ञाता में बताया की हमारे मध्य प्रदेश में गौ माताएं बहुत ज्यादा घायल हो रही है एवं भूखी मर रही है यह है कि प्रदेश सचिव पंडित आकाश कृष्णा भार्गव जी ने कहा की गौ माता हूं मैं 33 करोड़ की देवी देवता निवास करते हैं और कलयुग में केवल गौ माता की सेवा से ही हर मनुष्य का कल्याण हो सकता है।

यह की प्रदेश सचिव पंडित आकाश कृष्णा भार्गव जी के द्वारा बताया गया की गौ माता की सेवा से ही हमारे पूर्वज एवं पितरों को मुक्ति मिलती है आगे हमारे मध्य प्रदेश में गौ माताएं हर जिले में हर संभाग में सड़क किनारे बहुत ज्यादा घायल हो रही है और उनके साथ आने जाने वाले लोग भी घायल हो रहे हैं यह की आजकल पूरे मध्य प्रदेश में गौ माता के प्रति मध्य प्रदेश शासन के द्वारा सेवा करने के लिए बहुत सारी गौशालाएं बनाई जा रही है एवं शासकीय एवं अशासकीय गौशाला ही नहीं बनाई जा रही है एवं गौशालाओं के लिए मध्य प्रदेश शासन द्वारा अनुदान राशि भी दी जा रही है जिससे सभी गौशालाओं में रहने वाली गौ माता का भरण पोषण हो सके एवं उनकी सही तरह से देखरेख हो सके।

आगे है कि मध्य प्रदेश के मां कामधेनु गौ सेवा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष पंडित हरि बल्लभ भार्गव के द्वारा बताया गया है कि हमारे मध्य प्रदेश शासन के लोकप्रिय एवं हंसमुख , मुख्यमंत्री मोहन यादव के द्वारा गौ गौ माता ऑन एवं गौशालाओं और दूध डेयरी के प्रति बहुत घोषणा की जा रही है की हर गौशालाओं में एवं दूध डेयरी का उत्पादन ज्यादा हो।

आगे मां कामधेनु कब सेवा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष पंडित हरि बल्लभ भरकर द्वारा बताया गया कि हमारे मध्य प्रदेश भारत में गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिया जाए जिससे पूरे भारत की गौ माताएं सुरक्षित रह सके आगे मध्य प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष भारत सिंह निमोदा मां कामधेनु गौ सेवा संस्था के प्रदेश संयुक्त सचिव जेपी जोशी कोषाध्यक्ष मती रजनी भार्गव मती निशा डोंगरे मां कामधेनु गौ सेवा संस्था के सदस्य केवल दास डोंगरे एवं संरक्षक प्रदीप मिश्रा एवं मां कामधेनु गौ सेवा संस्था के सभी पदाधिकारी द्वारा प्रदेश के सभी भक्त लोगों को होली के शुभ अवसर पर एवं मध्य प्रदेश की सभी जनता जनार्दन को होली की ढेर सारी शुभकामनाएं बहुत-बहुत बधाई।

## इटारसी व पिपरिया में सीनियर सिटीजन हेतु हॉलिस्टिक वेल बीइंग शिविर के दौरान 88 हितग्राही लाभान्वित

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. श्रीराम करोजिया के मार्गदर्शन में वरिष्ठ नागरिकों के लिए हॉलिस्टिक वेल बीइंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन इटारसी स्थित रोटरी क्लब रामवृद्ध कल्याण जन समिति न्यास कॉलोनी तथा पिपरिया में नगर पालिका वृद्धा आश्रम, बस स्टैंड परिसर में संपन्न हुआ।

शिविर में वरिष्ठजनों को योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा वृद्धावस्था से संबंधित सामान्य बीमारियों एवं उनके बचाव के उपायों पर संवाद आयोजित किया गया। चिकित्सकों द्वारा उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों की शारीरिक समस्याओं को गंभीरता से सुनकर आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। साथ ही ब्लड शुगर एवं रक्तचाप (बीपी) की जांच भी की गई। इटारसी में आयोजित शिविर में 39 वृद्धजन एवं आम नागरिकों का उपचार किया गया, जबकि पिपरिया वृद्ध आश्रम में 49 वृद्धजन एवं आम नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।शिविर के संबंध में जानकारी इटारसी के नोडल अधिकारी डॉ. नितिन जॉर्ज एवं पिपरिया के नोडल अधिकारी डॉ. विमल किशोर यादव द्वारा प्रदान की गई।

## संक्षिप्त समाचार



### नर्मदापुर युवा मंडल पर्यावरण संरक्षण के लिए सातरास्ते पर जलाएगा गौकाष्ठ से बनी जैविक होली

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुर युवा मंडल पर्यावरण संरक्षण के लिए 2 मार्च को गौकाष्ठ से बनी जैविक होलिका का दहन शाम 6 बजे सातरास्ते पर करेगा। नर्मदापुर युवा मंडल अध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल ने बताया कि नर्मदापुर युवा मंडल पिछले 15 वर्षों से लगातार पर्यावरण संरक्षण के लिए गौकाष्ट की जैविक होली जलाने का कार्यक्रम करता आया है। कार्यक्रम से जुड़े मनीष परदेशी ने बातया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी इस कार्यक्रम को अपनाते हुए गौकाष्ठ की होली जलाना अब प्रदेश में अनिवार्य किया है। सोमवार 2 मार्च को शहरवासियों के साथ मिलकर गौकाष्ट की जैविक होली जलाई जाएगी। नरवाई और गोबर से बने गौकाष्ठ के डंडे सुपरली के किसान योगेंद्र पाल सिंह सोलंकी प्रतिवर्ष संस्था को उपलब्ध कराते है।

### आर्यन के ऑलराउंड प्रदर्शन से बैतूल की हरदा पर बड़ी जीत

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर मेंस जिला स्तरीय टी-20 प्रतियोगिता में बैतूल ने हरदा को 6 विकेट से करारी शिकस्त दी। हरदा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 155 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसे बैतूल ने आर्यन देशमुख (63 रन) और आदर्श दुबे (50 रन) की शानदार पारियों की बदौलत केवल 15वें ओवर में ही हासिल कर लिया। गेंदबाजी में भी बैतूल के आर्यन देशमुख और नवीन नागले ने 3-3 विकेट चटकाए। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए आर्यन को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। इस अवसर पर संभाग सचिव प्रदीप तोमर, अनुराग मिश्रा, राजेश चौरे सहित जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारी और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### राठौर जर्नलिस्ट एसोसिएशन का अधिवेशन एवं निर्वाचन सम्पन्न

**सिवनी मालवा।** 28 फरवरी शनिवार को राठौर जर्नलिस्ट संगठन का अधिवेशन एवं निर्वाचन संपन्न हुआ। उक्त जानकारी नर्मदा पुरम जिला अध्यक्ष राजू राठौर ने देते हुए बताया कि राठौर जर्नलिस्ट संगठन का राष्ट्रीय अधिवेशन एवं निर्वाचन राजगढ़ जिले के जीरापुर होटल देव में रखा गया जिसमें आय व्यय के लेखा जोखा को अधिवेशन में आए सदस्यों के द्वारा ध्वनि मत से पारित किया गया।

### सर्वाइकल कैंसर रोकथाम हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रारंभ

# सीएमएचओ ने किया शुभारंभ, 14 वर्ष की बालिकाओं को लगेगा निःशुल्क टीका

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अजमेर से प्रारंभ किए गए एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान के तहत नर्मदापुरम जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखंडों में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार शनिवार 28 फरवरी से विशेष अभियान की शुरुआत की गई। अभियान का शुभारंभ जिला अस्पताल में सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गेहलोत द्वारा बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण उपरांत प्रमाण पत्र प्रदान कर किया गया। इस अवसर पर डीआईओ डॉ. संदीप केरकेट्टा, सिविल सर्जन डॉ. सुनीता कामले, एमडी मेडिसिन डॉ. सतीश तिवारी, आरएमओ डॉ. गजेंद्र यादव, जिला मीडिया प्रभारी सुनील साहू, डॉ. ममता पाठक, डॉ. सपना बेस सहित टीकाकरण स्टॉफ, हितग्राही, उनके अभिभावक एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।




यह विशेष अभियान आगामी 90 दिनों तक संचालित किया जाएगा। इसके अंतर्गत 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी एवं 15 वर्ष पूर्ण न करने वाली बालिकाओं को निःशुल्क एचपीवी टीका लगाया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. गेहलोत ने बताया कि एचपीवी वायरस से महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) की रोकथाम के लिए यह टीका अत्यंत प्रभावी एवं सुरक्षित है। उन्होंने सभी पात्र बालिकाओं से अपने अभिभावकों के साथ निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अथवा जिला चिकित्सालय पहुंचकर टीकाकरण कराने की अपील की। जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला चिकित्सालय में शासकीय अवकाश दिवसों को छोड़कर प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक टीकाकरण किया जाएगा। जिला प्रशासन एवं सीएमएचओ डॉ नरसिंह गहलोत ने अभिभावकों से आग्रह किया है कि वे अपनी बेटियों के सुरक्षित भविष्य के लिए इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें।

अधिक जानकारी के लिए संबंधित स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क किया जा सकता है। 14 वर्ष आयु की बालिकाएं यू-विन पोर्टल पर पंजीकरण कर अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में टीकाकरण हेतु स्लॉट बुक कर सकती हैं। टीकाकरण की प्रक्रिया पूर्व में कोविड-19 महामारी के दौरान को-विन पोर्टल के माध्यम से अपनाई गई प्रक्रिया के अनुरूप रहेगी

## विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा के प्रयासों से शिक्षा जगत को बड़ी सौगात

### छात्राओं के लिए बनेगा सर्वसुविधायुक्त ऑडिटोरियम

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन



नर्मदापुरम क्षेत्र के विकास और शैक्षणिक उन्नयन की दिशा में विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा को एक और बड़ी सफलता मिली है। विधानसभा के बजट सत्र के दौरान डॉ. शर्मा ने नर्मदापुरम् के पवारखेड़ा स्थित 'कन्या शिक्षा परिसर' में एक आधुनिक ऑडिटोरियम निर्माण की आवश्यकता को प्रमुखता से उठाया।

विधायक डॉ. शर्मा के तर्कपूर्ण प्रस्ताव और विशेष आग्रह को स्वीकार करते हुए जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह ने तत्काल 2 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की है। इस राशि से कन्या शिक्षा परिसर में एक भव्य ऑडिटोरियम का निर्माण किया जाएगा, जो क्षेत्र की छात्राओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस नई सुविधा के लाभ इस प्रकार होंगे:

**सर्वांगीण विकास:** छात्राओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक उपयुक्त मंच मिलेगा।

**सांस्कृतिक गतिविधियां:** शैक्षणिक विकास के साथ-साथ अब परिसर में बड़े स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हो सकेगा।

**आधुनिक सुविधा:** यह ऑडिटोरियम बच्चों के बौद्धिक और कौशल विकास के लिए सहायक सिद्ध होगा। 'जब बेटियों के सपनों को संसाधनों के पंख मिलते हैं, तो सफलता का आसमान और भी करीब नजर आने लगता है। शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है; कला, संस्कृति और अभिव्यक्ति के लिए मिलने वाला यह आधुनिक मंच नर्मदापुरम् की बेटियों के आत्मविश्वास को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। विकास की यह नींव आने वाली पीढ़ियों के लिए उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगी।'

### आरपीएफ की मिसाल

## 'रेल मदद' की सूचना पर यात्री का रुपयों से भरा बैग बरामद कर लौटाया

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

भारतीय रेलवे की सुरक्षा इकाई (आरपीएफ) ने एक बार फिर अपनी मुस्तैदी और ईमानदारी से रेल यात्रियों का भरोसा जीता है। 'रेल मदद' पोर्टल पर मिली एक सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नर्मदापुरम आरपीएफ ने ट्रेन में छूटे हुए एक बैग को सुरक्षित बरामद किया और उसमें रखी नकदी को संबंधित व्यक्ति के सुपुर्द किया।

**तकनीक और तत्परता का संगम:** घटना के अनुसार, 'रेल मदद' पोर्टल (शिकायत संख्या: 2026022700644) के माध्यम से रेल प्रशासन को जानकारी मिली थी कि ट्रेन संख्या 12191 के कोच बी-2 की बर्थ संख्या 40 पर एक यात्री अपना लाल-भगवा रंग का बैग भूल गया है। बैग में नकदी होने की बात भी कही गई थी।

**हेड कांस्टेबल गोस्वामी ने निभाया दायित्व:** जैसे ही यह सूचना नर्मदापुरम स्टेशन तक पहुँची,



हेड कांस्टेबल सुनील पुरी गोस्वामी सक्रिय हुए। ट्रेन के स्टेशन पर आगमन के साथ ही उन्होंने कोच में जाकर उक्त बैग को अपने कब्जे में लिया और सुरक्षा के साथ आरपीएफ आउटपोस्ट पर लाए।

**पारदर्शिता के साथ सौंपी गई राशि:** बैग मिलने के उपरांत शिकायतकर्ता ऋषभ देवानंद को तत्काल मोबाइल पर इसकी सूचना दी गई। तदुपरांत, शिकायतकर्ता के परिचित वरुण काकरिया (22 वर्ष, निवासी जिला भिंड) नर्मदापुरम आउटपोस्ट पहुँचे।

# भारत-मेडागास्कर मैत्री समूह की सदस्य बनीं माया नारोलिया

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

राज्यसभा सांसद माया नारोलिया को 18वीं लोकसभा के कार्यकाल हेतु भारत-मेडागास्कर संसदीय मैत्री समूह का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह मैत्री समूह भारत और Madagascar के बीच संसदीय संबंधों को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से गठित किया गया है। इस समूह के माध्यम से दोनों देशों के सांसदों के बीच संवाद, सहयोग और अनुभवों के आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया जाएगा। नियुक्ति पर माया नारोलिया ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला जी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए गर्व का विषय होने के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण दायित्व भी है।



उन्होंने कहा कि भारत और मेडागास्कर के मध्य ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं कूटनीतिक संबंध रहे हैं, जिन्हें और अधिक मजबूत बनाने में संसदीय मैत्री समूह की अहम भूमिका होगी। माया नारोलिया ने विश्वास व्यक्त किया कि इस मंच के माध्यम से दोनों देशों के बीच संसदीय संवाद, सहयोग एवं आपसी समझ को नई दिशा मिलेगी।

उन्होंने आश्वस्त किया कि वे पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ इस दायित्व का निर्वहन करेंगी तथा शीर्ष नेतृत्व द्वारा प्रदत्त इस जिम्मेदारी के लिए पुनः आभार प्रकट किया।

### अधिवक्ता संघ के चुनाव सम्पन्न हजारीलाल गुर्जर अध्यक्ष बने आनंद भार्गव सचिव चुने गये

**सिवनी मालवा।** अधिवक्ता संघ के चुनाव सम्पन्न हुए। अधिवक्ता संघ चुनाव मे कुल डले 144 मतो मे से हजारीलाल गुर्जर ने 87 मत प्राप्त कर निकटतम प्रतिद्वन्दी शिवशंकर गौर को 30 मतो से पराजित किया। उपाध्यक्ष पद पर आदित्य असंगे 19 मतो से विजय रहे। सचिव पद पर आनंद भार्गव 24 मतो से तथा कोषाध्यक्ष पद पर कमल कौशल 2 मतो से विजयी हुए है। सह सचिव पद पर विकास रघुवंशी और ग्रंथपाल पद पर सुमित गहलोत निर्विरोध निर्वाचित हो गये थे। सम्पूर्ण चुनाव शान्ति पूर्ण तरीके से सोहार्द पूर्ण वातावरण मे सम्पन्न हुआ। चुनाव मे कोई भी मत निरस्त नही हुआ। चुनाव मे विजयी प्रत्याशियों की घोषणा चुनाव अधिकारी अजीत सिंह राजपूत, शैलेन्द्र सिन्हो और विनय सिम्पी ने की। विजयी घोषित प्रत्याशियों को प्रमाणपत्र जिला न्यायाधीश श्रीमती तबस्सुम खान ने प्रदान किये।

### जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम

## कुसुम महाविद्यालय में 06 मार्च को होगा जिला के सभी महाविद्यालय के लगभग 150 छात्र छात्रा भाग लेंगे

सिवनी मालवा ■ निसं

नगर के शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय में खेल युवा कल्याण विभाग एवं कुसुम महाविद्यालय के बीच एम ओ यू (स्ह्ह) साइन किया गया है द्य उक्त जानकारी महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी ने प्रेस वार्ता में बताया कि 2026 की युवा सांसद जो मुख्य रूप से विकसित भारत 2047 की परिकल्पना पर केंद्रित है 2026 युवा संसद के लिए जिले के समस्त महाविद्यालय के छात्र छात्राएं माय भारत पोर्टल अप के माध्यम से अपना पंजीयन कराना सुनिश्चित करेंगे एवं ।

महाविद्यालय में दिनांक 6 मार्च 2026 को विकसित भारत युवा संसद का जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा द्य इसमें से सर्वश्रेष्ठ 10 छात्र छात्राओं को विधानसभा में



आगामी होने वाली युवा संसद में भाषण देने का अवसर प्राप्त होगा द्य युवा संसद के लिए मुख्य रूप से इस बार थीम आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक एवं राष्ट्रीय पर्यावरण युवा सांसद 2026 से संबंधित रहेगा द्य विकसित भारत युवा संसद युवाओं को राष्ट्रीय चर्चाओं में भाग लेने और 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना को आकार देने का मंच प्रदान करती है।

## नपाध्यक्ष नीतू यादव के नेतृत्व में हर्बल पार्क घाट पर चला स्वच्छता का महा अभियान

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

हर्बल पार्क घाट पर शनिवार को स्वच्छता महा अभियान चलाया गया। स्वच्छता महाअभियान में नागरिकों ने बढ़ चढ़कर श्रमदान किया गया। करीब दो ट्राली से अधिक कचरा निकाला गया। जिसे कचरा वाहनों की मदद से ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।



अभियान प्रभारी उपयंत्री दीक्षा तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी के निर्देश पर आज हर्बल पार्क घाट पर स्वच्छता महा अभियान चलाया गया। इस स्वच्छता महाअभियान में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, सभापति रिचा तिवारी, सभापति निर्मला हंस राय, पूर्व पार्षद जीतू तिवारी, अनुराग तिवारी, विशाल शर्मा, सतीश यादव, समाजसेवी एवं पत्रकार विलास नीले सहित नपा के कर्मचारी उपस्थित रहे।

नपाध्यक्ष नीतू यादव द्वारा नागरिकों से अपील की जाती है कि हर्बल पार्क घाट पर दाह संस्कार न किया जाएगा। घाट पर स्वच्छता बनाए रखने पालिथिन का उपयोग न करें। सीएमओ श्रीमती पटले ने स्वच्छता टीम को निर्देशित किया कि यहां सावधानी और सुरक्षा से संबंधित बोर्ड लगाया जाए।

## जागेगा गांव बचेगा बचपन 'देश मोहिनी' की गलियों में गूंजी बच्चों के हक की आवाज़




नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

नर्मदापुरम के NES कॉलेज की ह्स्स् टीम ने ग्रामीण अंचलों में बाल अधिकारों की अलख जगाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया। ग्राम देश मोहिनी में आयोजित इस कार्यक्रम का केंद्र बिंदु बच्चों की सुरक्षा और उनके सुनहरे भविष्य के लिए समाज को एकजुट करना था।

**जागरूकता का शंखनाद:** कॉलेज के स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर ग्रामीणों को बाल श्रम, बाल विवाह और शोषण के खिलाफ जागरूक किया।

**सुरक्षा का संकल्प:** ग्रामीणों ने केवल सुना ही नहीं, बल्कि बच्चों के साथ होने वाले किसी भी अन्याय के खिलाफ तुरंत आवाज़ उठाने और प्रशासन को सूचित करने की शपथ ली।

**शिक्षा पर जोर:** कार्यक्रम के दौरान 'शिक्षा के अधिकार' को बच्चों की ढाल बताया गया।

**टीम लीडरशिप:** श्रीमती अंबिका राजपूत के नेतृत्व में कॉलेज के विभिन्न प्राध्यापकों और ह्स्स् वॉलंटियर्स ने इस सामाजिक पहल को सफल बनाया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी. गोयल द्वारा प्रभा काम्पलेक्स के पास, मीनाक्षी चौक, आई.टी.आई. रोड, होशंगाबाद से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल- 462023 (म.प्र.) से मुद्रित। संपादक- डी.पी. गोयल। मो. 9827054436 भोपाल कार्यालय : 4240007. डाक पंजीयन -MP/HSD04/2026-2028 व्यवस्थापक- डी.सी. पारे, मो. 8878623331 Email: amritdarshan@yahoo.com (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।)।